हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

VB

VB TOWER

A PROJECT BY

VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD.

PROUD CREDAI MEMBER

After Grand Success of

PHASE - 1

PRESENTING

VB TOWER

PHASE - 2

PREMIUM COMMERCIAL OFFICES & STUDIO APPARTMENTS

SPECIAL FEATURING

MR.SONU SHARMA

MOTIVATIONAL SPEAKER I BUSINESS COUCH I AUTHOR

GET LATEST INSIGHTS OF REAL ESTATE

31 OCTOBER-1 PM TO 2.30 PM

LAUNCHING ON

31 OCT SATURDAY & 1 NOV SUNDAY 2026

WORLD CLASS AMENITIES

CAFETERIA CONFERENCE HALL PODIUM GARDEN SITTING LOUNGE

WE DELIVERED WHAT WE PROMISED

Call for Details:

+91 62626 20136

MOWA, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR

VB TOWER PHASE - I

PCGRERA300922001535

HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

VB TOWER PHASE - II

PCGRERA121026002167

HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

खुशियों का पिटारा खोलो,
इस दीपावली अपने नए घर का खोलो







बुकिंग पर पाएं
सुनिश्चित
विशेष उपहार*

*T&C APPLY

SCAN FOR RERA INFO

SCAN TO KNOW MORE

CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020
https://rera.cgstate.gov.in
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000
KACHNA, RAIPUR

SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
Fully Developed Plots
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000
VIDHAN SABHA ROAD

CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615
https://rera.cgstate.gov.in
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000
AMLIDIH, RAIPUR

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



किसानों के दिल को चीर गया 'अर्नब'

एक से छह सेंटीमीटर तक हुई बारिश से खेतों में भरा पानी, सड़ सकती है फसल

अर्नब तूफान गुजर गया, पर तबाही के निशां अब नजर आ रहे। असमय अनवरत बारिश से धान की पक रही फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। राज्य में अर्ली वेरायटी की फसल कटाई के लिए तैयार थी और कहीं-कहीं तो कटाई भी शुरू हो गई थी, लेकिन बारिश और तेज हवाओं से ये फसल खेत में लेट गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग/ धमतरी

धान की बालियां भी टूटकर खेतों में बिखर गई। इससे धान का उत्पादन प्रभावित होने के साथ गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर, राज्य सरकार ने किसानों को भरोसा दिया है कि आंकलन कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

चक्रवात के प्रभाव से राज्य में खासकर बस्तर संभाग में 27 अक्टूबर से जबकि शेष प्रदेश में 28 अक्टूबर से 6बारिश का सिलसिला शुरू हुआ था, जो 29 अक्टूबर शाम तक जारी रहा। इस दौरान एक सेंटीमाटर से लेकर 6 सेंटीमीटर तक बारिश हुई है। जिन क्षेत्रों में ज्यादा बारिश हुई है वहां नुकसान की भी आशँका ज्यादा है। जानकार सूत्रों के मुताबिक नुकसान का आंकलन सर्वे के बाद ही सामने आने की संभावना है।

हरिभूमि लाइव



रात में चली हवा से किसानों की मेहनत जमीन पर बिछी

धमतरी। पूरे जिले में धान की फसल के खराब होने की सूचना है। कंडेल, डाही, मानपुरी, नगरी, कुरूद सहित सभी स्थानों पर धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। खेतों में पानी भरे होने से फसल के सड़ने का भी खतरा है। किसान पानी निकालने के लिए जुगाड़ तो कर रहे हैं, लेकिन लगातार बारिश से उनकी यह कोशिश नाकाम साबित हो रही है। बारिश के साथ हवा चलने से खेतों में लगी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसान गिरधर साहू, रामआसरा साहू ने बताया कि बुधवार को बारिश हुई, रात में तेज हवा चली, जिससे ज्यादा नुकसान हुआ है। सुबह उठकर जब वे खेतों में पहुंचे तो फसल ▶▶| शेष पेज 6 पर

दुर्ग में 2 इंच बारिश, धान की अर्ली वेरायटी की 70 % फसल लेटी

दुर्ग। दुर्ग जिले में पिछले दो दिनों की बारिश में करीब 2 इंच बारिश रिकार्ड की गई है। तेज हवाओं के साथ हो रही लगातार बारिश से धान की अर्ली वेरायटी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों के मुताबिक करीब 70 प्रतिशत धान की फसल तेज हवाओं की वजह से खेतों में ही लेट गई है। बारिश का पानी भी खेतों में जमा हो रहा है। धान की बालियां पानी में सड़ने की स्थिति में पहुंच रही है। दुर्ग जिले में 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान ▶▶| शेष पेज 6 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107252/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹130990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹142988/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

केंद्रीय गृह मंत्री ने दिया हरसंभव सहायता का भरोसा

शाह ने सीएम साय से की बात, प्रदेश की ली जानकारी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से दूरभाष पर चर्चा कर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें प्रदेश में बारिश और उससे उत्पन्न परिस्थितियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश में बारिश हो रही है, लेकिन अभी तक कहीं से भी बाढ़ की स्थिति अथवा जन हानि की सूचना नहीं है। राज्य सरकार स्थिति पर सतत निगरानी रख रही है और किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क है। मुख्यमंत्री श्री साय ने चक्रवात से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता का आश्वासन देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की ▶▶| शेष पेज 6 पर

- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को हालात से कराया अवगत

शाह ने प्रभावित राज्यों का जाना हाल

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों से चर्चा कर चक्रवात की स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

अर्नब का देशभर में ऐसा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा में 300 गांव प्रभावित, रेस्क्यू की तैयारी

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात अर्नब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में तबाही के निशान छोड़ गया। छत्तीसगढ़, झारखंड, यूपी समेत कई राज्यों में दिनभर बारिश होती रही। ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। करीब 300 गांवों में बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार इन इलाकों में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर से निकालने की तैयारी कर रही है। राज्य में अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात ▶▶| शेष पेज 6 पर

- आंध्र के श्रीकाकुलम जिले में एक रेलवे पुल पानी में डूबा
- हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रेल सेवाएं प्रभावित, नौ ट्रेनें रद्द और 14 के मार्ग बदले गए

छग-ओडिशा में एक्टिव

अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का अब कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया है। यह सिस्टम दक्षिण छत्तीसगढ़ और इससे लगे दक्षिण ओडिशा के ऊपर एक्टिव है।

नए तूफान की आहट

एक तरफ अर्नब दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के ऊपर बने डिप्रेशन के कारण कमजोर पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर दक्षिण अंडमान सागर में एक नया लो प्रेशर क्षेत्र बन गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, आने वाले 48 घंटों में ये नया सिस्टम और मजबूत हो सकता है। इस नए तूफान की आहट ने बंगाल की खाड़ी में हलचल बढ़ा दी है।

जमीन चीरकर निकाला 'खजाना'

घर में गड़े तीन नीले ड्रमों से निकले 5 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

नीला ड्रम की बात सामने आते ही लोगों के जहन में डर पैदा हो जाता है। मेरठ की मुस्कान का नीला ड्रम वाला कांड के बारे में हर कोई जानता है।



मुस्कान ने अपने पति की हत्या करने के बाद नीले ड्रम में रख दिया था। अब प्रयागराज में भी एक नीला ड्रम पुलिस को बरामद हुआ है। इस बार नीला ड्रम में कोई लाश नहीं बल्कि नोटों के बंडल मिले हैं। घटना नवाबगंज के बरईपुर रामनगर गांव की है, यहां 3 ड्रमों में 500-500 की नोटों की गड्डियां का जखीरा बरामद हुआ है। शुरुआती गिनती में 5 करोड़ से अधिक का कैश बताया जा रहा है, वहीं गांव में चर्चा 60 करोड़ तक की है। मुखबिर की सूचना पर बुधवार शाम छापा मारा ▶▶| शेष पेज 6 पर

परिवार पुणे से आया था

पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, राकेश यादव का भाई बबलू यादव कई सालों से पुणे में रह रहा था। 2020 में कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान वह अपने दो साले और एक साले के साथ गांव आया था। शक है कि बरामद कैश इस दौरान गांव लाए गए पैसों से जुड़ा है। गांववालों के मुताबिक, राकेश यादव ने पिछले कुछ सालों में 50 बीघा जमीन खरीदी है। उन्होंने करीब 1.5 करोड़ की लागत से एक घर भी बनवाया है और दो ट्रैक्टर और एक डीजे सिस्टम भी खरीदा है।

नक्सलवाद समाप्ति के बाद 6 महीने तक समीक्षा कर लिया गया निर्णय

केदार, कवासी, बैज समेत 16 नेताओं की सुरक्षा में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अगले 6 माह में एक ग्रेड और कम होगी सुरक्षा : शर्मा



केदार कश्यप | महेश गागड़ा | दीपक बैज | कवासी लखमा

छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त होने के बाद अब नेताओं की सुरक्षा घटाई जा रही है। बस्तर संभाग के भाजपा और कांग्रेस से जुड़े 116 नेताओं की सुरक्षा श्रेणी में कटौती की जा रही है। कई नेताओं की सुरक्षा जेड-प्लस से जेड, वाई-प्लस से वाई और जेड से वाई श्रेणी में की जा रही है। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से जल्द ही आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा। इस मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 में सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त होने ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी करती है निर्णय, अभी आदेश नहीं मिला

वीवीआईपी व नेताओं की सुरक्षा का निर्णय समीक्षा उपरांत प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी लेती है। सुरक्षा के मापदंड के अनुरूप बल व सुरक्षा दी जाती है। अभी पुलिस मुख्यालय से कोई आदेश नहीं आया है। आदेश आते ही निर्देशानुसार सुरक्षा में कटौती की जाएगी।

- सुखनदंन राठौर
एएसपी, बस्तर

क्या होती हैं सुरक्षा श्रेणियां

देश में विशिष्ट जन सुरक्षा के अलग-अलग स्तर होते हैं, जिनमें सर्वोच्च स्तर की जेड-प्लस सुरक्षा में लगभग 55 या उससे अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। इसमें 10 से 12 एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) या सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के कमांडो, स्थानीय पुलिस, उन्नत संचार उपकरण और बुलेटप्रूफ गाड़ियां मिलती हैं। इसके बाद जेड श्रेणी में करीब 22 सुरक्षाकर्मी शामिल होते हैं, जिसमें 4 से 6 एनएसजी कमांडो के साथ राज्य पुलिस, ▶▶| शेष पेज 6 पर

घटना हुई तो जिम्मेदार होगी सरकार : बैज

पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है। उन्होंने भाजपा पर अपने नेताओं को अतिरिक्त सुरक्षा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा कम कर रही है और भविष्य में कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। क्योंकि प्रदेश में अभी नक्सलवाद पूरी तरह ▶▶| शेष पेज6 पर

दोपहर 12:20 से 12:45 बजे के बीच शहर के ऊपर से गुजरेंगे

रायपुर के आसमां पर आज रोमांचक करतब दिखाएगी भारतीय वायुसेना 'सारंग' की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम रायपुरवासियों को आसमान में रोमांचक नजारे की झलक दिखाने जा रही है। कल 30 अक्टूबर, शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे से 12:45 बजे के बीच सारंग टीम के हेलीकॉप्टर रायपुर शहर के आसमान में उड़ान भरेंगे। इस दौरान शहरवासी अपने घरों की छतों से हेलीकॉप्टरों को आसमान में उड़ते हुए देख सकेंगे।

रायपुरवासी अपने घरों की छतों से देख सकेंगे रोमांचक झलक



भारतीय वायुसेना की सारंग टीम अपने अद्भुत उड़ान कौशल, सटीक समन्वय और साहसिक हवाई प्रदर्शन के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। स्वदेशी ध्रुव हेलीकॉप्टरों से सुसज्जित यह टीम भारतीय वायुसेना के शौर्य, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है।

2 को एयर शो

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को नवा रायपुर के सेंध लेक क्षेत्र में सारंग हेलीकॉप्टर एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम द्वारा एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 30 अक्टूबर को रायपुर शहर के आसमान में सारंग हेलीकॉप्टरों की उड़ान शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।



चिंतन

ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

1 नवंबर से लागू होने वाले जीएसटी के चरणबद्ध बदलाव और फिर एक अप्रैल 2027 के भावी जीएसटी रोडमैप से जीएसटी प्रणाली करदाताओं को नौकरशाही के जटिल जाल से राहत दिलाने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रवाह को गति देने और भरोसे पर आधारित प्रशासन (ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस) को स्थापित करने के मद्देनजर मील का पत्थर बनने जा रही है। यह सर्वविदित है कि भारत में जीएसटी का वर्तमान स्वरूप रातों-रात तैयार नहीं हुआ, बल्कि यह पिछले चार दशकों में किए गए क्रमिक आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों का प्रतिफल है। भारत में आधुनिक अप्रत्यक्ष कर सुधारों की नींव 1976 में एल. के. झा समिति की सिफारिशों से पड़ी, जिसने तत्कालीन जटिल उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को समाप्त कर संशोधित मूल्य वर्धित कर लागू करने का सुझाव दिया था। इसके उपरांत वर्ष 1987 में मॉडवैट लागू होने के साथ ही भारतीय कर व्यवस्था में पहली बार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा ने मूर्त रूप लिया, जिसने कर पर कर (कैस्केडिंग इफेक्ट) के बोझ को कम किया। 2000 के दशक की शुरुआत में डॉ. विजय केलकर टास्क फोर्स ने देश में एक एकीकृत 'नेशनल जीएसटी मॉडल' का प्रस्ताव रखा, जिसने व्यापक कर सुधारों का खाका खींचा। फिर राज्यों के वित्त मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह ने रेवेन्यू न्यूट्रल रेट, प्लेस ऑफ सप्लाई नियमों और अंतरराज्यीय लेन-देन के लिए क्लियरिंग हाउस मैकेनिज्म पर काम किया। आखिरकार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक संवैधानिक संशोधन के माध्यम से 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में एकीकृत जीएसटी कानून लागू किया गया। निसंदेह जीएसटी लागू होने के बाद से भारत का कर आधार (टैक्स बेस) तेजी से विस्तृत हुआ है और संपूर्ण आपूर्ति शृंखला (सप्लाई चेन) के डिजिटलीकरण, ई-वे बिल और ई-इन्वॉयसिंग जैसे तकनीकी नवाचारों ने कर चोरी पर अंकुश लगाकर असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इन सुधारों के कारण राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है; जहां वित्तीय वर्ष 2017-18 के शुरुआती दौर में औसत मासिक संग्रह



लगभग 90,000 करोड़ रुपये प्रति माह रहता था, वहीं सितंबर 2026 में यह बढ़कर 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक राजस्व संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती, कर अनुपालन में आई पारदर्शिता और कर प्रणाली की उच्च दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जीएसटी परिषद की हालिया बैठक में करीब 9 वर्षों के अनुभवों के आधार पर दूरगामी सुधारों को हरी झंडी दी गई है। इनसे नए रिफंड आवेदनों को पूरी तरह से डिजिटल और जोखिम मूल्यांकन आधारित ऑटोमेटेड सिस्टम पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे रिफंड पावती की अवधि घटेगी और दावा की गई राशि बिना किसी अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कारोबारियों के बैंक खातों में जमा होगी। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए 90 प्रतिशत तक का अस्थायी रिफंड तुरंत स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है, जिससे एमएसएमई और विनिर्माण इकाइयों की फंसी हुई पूंजी तुरंत अनलॉक होगी। सामान की बिक्री के बाद दी जाने वाली छूट (पोस्ट-सेल डिस्काउंट) और क्रेडिट नोट से जुड़े अनुपालन नियमों को व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है, जिससे व्यापारी अपनी वास्तविक कर देनदारी का सटीक संतुलन बना सकेंगे। कर प्रशासन में पारदर्शिता लाने और व्यापारियों में विश्वास जगाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। एक ऐतिहासिक कदम के तहत जीएसटी अधिकारियों की सीधी गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित कर दिया गया है; अब अधिकारी महज कानून का हवाला देकर कारोबारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे और इसके लिए अदालत से पूर्व आदेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को बढ़ाए जाने से छोटे और ईमानदार व्यापारियों में फैला 'टैक्स टेरर' का डर समाप्त होगा। इसके अतिरिक्त, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापार करने वाले छोटे व असंगठित विक्रेताओं के लिए पंजीकरण और अनुपालन की शर्तों को बेहद आसान बनाया गया है, जिससे वे वेयरहाउस का उपयोग कर बिना जटिल कागजी कार्रवाई के व्यापार कर सकेंगे। छोटे विवादों से राहत देते हुए 10,000 रुपये से कम की कुल कर देनदारी पर अब कारण बताओ नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी न करने और धारा 125 के तहत सामान्य जुर्मानों की सीमा घटाने के फैसले लिए गए हैं। कर ढांचे को व्यावहारिक बनाने के लिए कर दरों और स्लैब का पुनर्गठन एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुआ है। जीएसटी के शुरुआती वर्षों में मुख्य रूप से चार कर स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत) तथा विभिन्न उपकर (सेस) प्रभावी थे, जिन्हें बाद में जीएसटी परिषद द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद पुनर्गठित कर मुख्य रूप से दो प्रमुख स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के अंतर्गत सुव्यवस्थित किया गया।

निसंदेह जीएसटी संबंधी हालिया सुधार सराहनीय हैं, परंतु जीएसटी को पूर्णतः गुड एंड सिंपल टैक्स बनाने के लिए अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया जाना शेष है। पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, बिजली और एविऐशन टर्बाइन फ्यूल को अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जब तक ये वस्तुएं जीएसटी के तहत नहीं आतीं, तब तक समूची मूल्य शृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह संभव नहीं है। उम्मीद करें कि एक नवंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू हो रहे सुधारों और एक अप्रैल 2027 से लागू होने वाले जीएसटी के दीर्घकालिक सुधारों से जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण और कर आतंक की समाप्ति से उद्योग-कारोबार जगत लाभान्वित होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

विधान परिषद चुनाव

बाल मुकुन्द ओझा




भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए खतरे की घंटी

देश के 4 राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव नतीजों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में खलबली मचा दी है। भाजपा ने प्रतिष्ठा वाली सीटों पर हार के मद्देनजर आत्म चिंतन और विश्लेषण शुरू कर दिया है। बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस अपनी बुरी हार के बावजूद एक नवम्बर की रैली में व्यस्त है। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज एक सीट पर विजय हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की बैलेट पेपर पर हार से तंज कसते हुए कहा, चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद चुनाव में 28 सीटों पर मतदान पर्ची से हुए। अनुमान लगाइए कि इनमें कांग्रेस को कितनी सीट मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए बनारस और नागपुर की हार पर भाजपा को आईना दिखाया है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हो रही हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ होने के बावजूद कांग्रेस ने चारों सीटें गंवा दी। इनमें एक सीट पहले कांग्रेस के पास थी। वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनारस संसदीय सीट पर हुए स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं, आरएसएस मुख्यालय की नागपुर सीट भी भाजपा ने कांग्रेस के हाथों गंवा दी। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय होने के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी गृह क्षेत्र है। हालांकि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ 28 में से 16 सीटों पर जीत हासिल की है। अकेले भाजपा को इनमें से 13 सीटें मिली हैं। उसकी सहयोगी जदयू, जदएस और शिवसेना (शिंदे) को एक-एक सीट मिली है। इसी के साथ ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के नतीजे भी कांग्रेस को मुफीद नहीं रहे। चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी, जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। यूपी में कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने जा रहा है। इस दृष्टि से इन चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, जबकि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस महज एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। यह कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। वहीं बीजेपी भले ही सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही हो, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की 2 सीट और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र नागपुर की स्नातक सीट से हार गई। यूपी में 11 सीटों पर विधान परिषद के चुनाव हुए थे। इनमें से छह सीटों पर भाजपा जीती है और पांच सीटें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। पहले सपा के पास तीन सीटें थीं और दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। इस बार सपा ने पांच सीटें जीती हैं। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी की स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। स्नातक सीट पर आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के केदारनाथ सिंह को हराया तो शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव ने प्रमोद मिश्रा को हराया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में सपा की कांति सिंह और इलाहाबाद-झांसी सीट पर सपा के मानसिंह यादव जीते। शिक्षक क्षेत्र में सपा ने आगरा और वाराणसी दो सीटों पर जीत हासिल की। गोरखपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी सिर्फ 307 वोट से जीते। भाजपा को शिक्षक क्षेत्र में मेरठ और लखनऊ में जीत मिली है, जबकि स्नातक क्षेत्र में आगरा और मेरठ-सहारनपुर में जीत मिली है। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव हुए थे, जिनमें से चार सीटें एनडीए के खाते में गई हैं, जबकि चार सीटें अन्य को मिली हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा 30 साल के बाद हारी है। राजद के डॉक्टर संजीव ने भाजपा को नवल किशोर यादव को हराया। भाजपा ने कोशी स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत शिक्षक सीट पर जीत हासिल की है। जनता दल को सिर्फ एक पटना स्नातक की सीट मिली है। दरभंगा शिक्षक सीट जनसुराज के सुरेश राय ने जीती है। सारण शिक्षक और तिरहुत स्नातक सीट पर निर्दलीय जीते हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आ गए थे। इनमें से दो सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने जीती हैं और तीन सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी के खाते में गई हैं। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे और अमरावती शिक्षक सीट पर एकनाथ शिंदे की शिव सेना के किरण सरनाइक जीते हैं। महाविकास अघाड़ी में दोनों सीटें शरद पवार की एनसीपी को मिली हैं। छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट और पुणे स्नातक सीट उनके उम्मीदवार जीते हैं। नागपुर स्नातक सीट कांग्रेस ने जीत ली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

खोने के डर को मन पर हावी ना होने दें




संकलित

दर्शन

कई बार छोटी-छोटी बातें भी मन को इतना परेशान कर देती हैं कि जरूरी काम करना मुश्किल हो जाता है। किसी बात के बिगड़ने का डर हो या कुछ खोने की चिंता, मन लगातार उलझा रहता है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता की सीख जीवन को देखने का नजरिया बदल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मनुष्य को सुख-दुख और लाभ-हानि में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण की सीख के अनुसार, मनुष्य की चिंता का एक बड़ा कारण किसी चीज को खोने का डर है। जब हम किसी उपलब्धि, रिश्ते या सुख-सुविधा से बहुत ज्यादा जुड़ जाते हैं, तो उसे खोने की आशंका परेशान करने लगती है। कई बार मनुष्य किसी चीज को हासिल करने के बाद भी उसके छिन जाने की चिंता में रहता है। इसलिए जीवन में जो कुछ मिला है, उसका आनंद लें, लेकिन उसे हमेशा अपने पास बनाए रखने की जिद ना करें। यही सोच मन को हल्का रखने में मदद करती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में संतुलित रहने की सीख दी है। जीवन में कभी मन के मुताबिक परिणाम मिलते हैं, तो कभी निराशा हाथ लगती है। अगर हर अच्छी बात पर जरूरत से ज्यादा खुश और हर परेशानी में टूटने लगेंगे, तो मन हमेशा बेचैन रहेगा। इसलिए सुख मिलने पर अहंकार ना करें और दुख आने पर हिम्मत ना हारें। समय के साथ परिस्थितियां बदलती रहती हैं। इस बात को समझने वाला व्यक्ति मुश्किल समय में भी धैर्य बनाए रखता है।

दूसरों से सीखिए, नकल मत कीजिए



संकलित

प्रेरणा

जिंदगी में हम सभी किसी ना किसी से प्रभावित होते हैं। कोई अपने माता-पिता से कुछ सीखता है, कोई शिक्षक से, तो कोई किसी सफल व्यक्ति को देखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है। दूसरों की अच्छी आदतों और विचारों से सीखना गलत नहीं है। परेशानी तब शुरू होती है, जब हम सीखने के बजाय उसी व्यक्ति की नकल करने लगते हैं। स्वामी विवेकानंद की एक सीख इसी बात की ओर ध्यान दिलाती है। उनका संदेश था - दूसरों से जो भी अच्छा है, उसे सीखो, लेकिन उसे अपनी तरह से अपनाओ, किसी और जैसे मत बनो।' इस विचार में सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाए रखने की बात भी कही गई है। हर इंसान के पास कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है, जिससे हम सीख सकते हैं। किसी का अनुशासन अच्छा हो सकता है, किसी की मेहनत, किसी का धैर्य तो किसी की सोचने का तरीका हमें प्रभावित कर सकता है। विवेकानंद की सीख है कि ऐसी अच्छी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मन को खुला रखें और जहां से अच्छी बात मिले, उसे सीखने की कोशिश करें। ज्ञान किसी एक व्यक्ति या जगह तक सीमित नहीं होता है। किसी की बात अच्छी लगी, तो उसे तुरंत अपनी जिंदगी का नियम बना लेना जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। जो तरीका किसी दूसरे के लिए सही है, जरूरी नहीं कि वह आपके लिए भी उसी तरह काम करे। इसलिए किसी अच्छी बात को पहले समझना चाहिए। फिर देखना चाहिए कि उसे अपनी जिंदगी और परिस्थितियों के हिसाब से कैसे अपनाया जा सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती


अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

विनय कुमार साहू, रायपुर

ट्रेंड

आयुष्मान वय वंदना योजना



हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इस दिशा में, 29 अक्टूबर 2024 को 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए हैं।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

टाटा को बर्बाद कर रहे



टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, और किसी भी कारोबारी नेता में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं है। आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक, जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय कारोबार मोदी और शाह के खिलौने नहीं हैं।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

मतदान रोकने की साजिश



वाराणसी में मतदान को रोकने या धीमा करने के पीछे की साजिश को सब समझते हैं, लेकिन बीजेपी इसमें कामयाब नहीं होगी। वाराणसी में बीजेपी की हार राष्ट्रीय खबर न बन जाए, इसे रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अधिकार की रक्षा




1 नवंबर को 'इंडिया' रामलीला मैदान में एकजुट होकर खड़ा होगा। 'वोट चोरी' के खिलाफ यह लड़ाई, हर भारतीय के चुनने के अधिकार की रक्षा करने की लड़ाई है। बंगाल और अन्य राज्यों में हुई 'वोट लूट' पर जवाब चाहिए, खामोशी नहीं!

- **ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

मंदिर पर गोलीबारी, दक्षिण एशियाई समुदाय में चिंता



शिकागो के पास एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश को नाकाम किए जाने के बाद क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय में डर का माहौल है, जिसने आस्था और पारिवारिक समारोहों के आमतौर पर उल्लासपूर्ण मौसम को फीका कर दिया है। अभियोजकों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, जब 11 अक्टूबर को नवरात्र का त्योहार शुरू होने पर श्रद्धालु हिंदू मंदिरों में इकट्ठा हुए थे, तब एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस इलिनॉय के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा और पार्किंग क्षेत्र में बैठ गया, लेकिन राइफल जाम होने के कारण गोली चलाए बिना ही भाग गया। अभियोजकों ने बताया कि पापोराकिस (19) को उसी दिन शिकागो से करीब 64 किलोमीटर दूर इलिनॉय के पैलेटाइन स्थित उसके घर के पास गिरफ्तार किया गया। 'टैको बेल' के एक कर्मचारी ने अधिकारियों को उसकी भारतीय लोगों को मारने की योजना के बारे में सूचना दी थी। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के गंभीर आरोप हैं। उसे शुक्रवार को फिर अदालत में पेश होना है। दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करने वाले गैर-लाभकारी संगठन 'द शिकागो कसम' की कार्यकारी निदेशक आशा राव ने कहा कि समुदाय के लोग इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित हैं।

ऑफ बीट

ब्रिटिश पीएम बर्नहम आएंगे भारत, मजबूत होंगे रिश्ते



ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवारक को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर ने यहां बताया कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे। इस साल 20 जुलाई को बर्नहम को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों पर, मेलर ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे-जैसे ब्रिटेन और भारत की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, हम दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता 100 दिन पहले लागू हुआ, लेकिन असल में इस पर एक साल से कुछ समय पहले ही हस्ताक्षर किए गए थे तथा तब से अब तक 12 अरब पाउंड के नए समझौते हो चुके हैं।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 26, अंक : 220
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 24.0
न्यून. 19.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी

5 रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी...



विचार पेज
अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
CBC 19101/13/0033/2627
शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बन रहे 200 पगमार्क इम्प्रेशन पैड

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पगमार्क बताएंगे जंगल में किसका राज!

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

घने जंगलों के बीच वन्यजीवों की मौजूदगी का पता लगाना अब पहले से आसान होगा। जंगल में बाघ कहां से गुजर रहा है, तेंदुए की आवाजाही किन रास्तों पर है और वन्यजीव पानी व भोजन की तलाश में किस दिशा में बढ़ रहे हैं, इन सवालों के जवाब तलाशने के लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में पगमार्क इम्प्रेशन पैड (पीआईपी) तैयार किए जा रहे हैं। रिजर्व में लगभग 200 ऐसे पैड बनाने ⏭शेष पेज 6 पर

अलग खबर

नरम रेत पर उभरेंगे वन्यजीवों के साथ शिकारियों के भी पगमार्क

एक इंच मिट्टी हटेगी, रेत खोलेगी जंगल के राज

पीआईपी तैयार करने के लिए जंगल की पगडंडियों और वन्यजीवों के गुजरने वाले रास्तों पर ऊपरी सख्त मिट्टी को लगभग एक इंच तक हटाया जाता है। फिर वहां बारीक, छनी हुई रेत या नरम मिट्टी बिछाई जाती है। इस तरह तैयार सतह पर जैसे ही कोई वन्यजीव गुजरता है, उसके पैरों के निशान उभर आते हैं।

- 133 बीट में वन्यजीवों की मौजूदगी पर रहेगी नजर
- संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा और गश्त मजबूत करने में मिलेगी मदद



आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व तेलंगाना की सीमा से लगा है रिजर्व

बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ के प्रमुख वन्यजीव क्षेत्रों में शामिल है। आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना की सीमाओं से लगे इस क्षेत्र में घने जंगल और विविध प्राकृतिक आवास हैं। यहां बाघ, तेंदुआ, वनभैंसा, भालू, चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर और ऊदबिलाव सहित अनेक वन्यजीव पाए जाते हैं। विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों और छोटे जीवों के लिए भी यह वन क्षेत्र महत्वपूर्ण आश्रयस्थल है।

जहां बाघ के निशान, वहां बढ़ेगी निगरानी

इंद्रावती टाइगर रिजर्व जैसे विस्तृत और घने वन क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए उनकी गतिविधियों की जानकारी बेहद अहम है। जिन इलाकों में बाघ या तेंदुए जैसे बड़े शिकारी वन्यजीवों के पगमार्क मिलते हैं, वहां गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की रणनीति बनाई जा सकती है। इससे संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। पीआईपी के जरिए केवल बड़े शिकारी ही नहीं, बल्कि चीतल, सांभर, गौर और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही के संकेत भी मिल सकते हैं। इससे जंगल के अलग-अलग हिस्सों में वन्यजीवों की मौजूदगी को समझने में मदद मिलेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम मोदी आज किसानों को देंगे 24वीं किस्त

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने गुजरात प्रवास के दौरान ही 'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपए की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।



कार पलटने से मां-बेटे की मौत, तीन घायल

गाजीपुर। गाजीपुर जिले के जंगीपुर क्षेत्र में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर बुधवार रात एक कार के पलट जाने से उसमें सवार मां-बेटे की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना जंगीपुर थाना क्षेत्र में बिरनों टोल प्लाजा के पास बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे हुई। कार में चालक समेत पांच लोग सवार थे और वे बलिया से वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

राष्ट्रीय वाद नीति की समीक्षा करेगी संसदीय समिति

नई दिल्ली। संसद की एक समिति ने 'राष्ट्रीय वाद नीति' के निर्माण और क्रियान्वयन की समीक्षा करने का फैसला किया है, जबकि सरकार इस योजना को पहले ही खारिज कर चुकी है। सरकार ने पिछले साल केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मुकदमों की संख्या कम करने के लिए निर्देश जारी किए थे।



आजम खान को दो पैन कार्ड मामले में जमानत

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फर्जी पासपोर्ट और दो पैन कार्ड रखने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को गुरुवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने रामपुर की अदालत के निर्णय के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया। हालांकि, जमानत देते समय अदालत ने इस मामले में सजा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। रामपुर की जिला अदालत ने इस मामले में आजम खान को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी और जुर्माना लगाया था।

10 माह में 800 करोड़ ले उड़े साइबर ठग, कोर्ट ने कहा- जांच नहीं, लूट रोकने का सिस्टम जरूरी

डिजिटल ठगी में बैंक की लापरवाही से रकम गंवाने वाले ग्राहकों को अब मुआवजा दिलाने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बैंक की चूक से ठगी होने पर पीड़ित को कम-से-कम पूरी गंवाई गई रकम के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए। अदालत ने दो टूक कहा कि रकम लुटने के बाद जांच नहीं, बल्कि ठगी रोकने की व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए संदिग्ध लेनदेन पर निगरानी और लापरवाह बैंकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रावधान करने पर जोर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि साइबर अपराध के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आने के बावजूद इस साल अब तक लोगों को करीब 800 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। पीठ ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रस्तावित नियामकीय ढांचे में मुआवजे, धोखाधड़ी की रोकथाम और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। अदालत आरबीआई के प्रस्तावित 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) संशोधन निर्देश, 2026 की पहले समीक्षा करेगी। इन निर्देशों को 30 नवंबर तक अधिसूचित करने और 31 दिसंबर तक लागू करने का प्रस्ताव है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, आरबीआई ⏭शेष पेज 6 पर

- संदिग्ध लेनदेन रोकने में एआई के इस्तेमाल की दी सलाह

सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख, बैंक की लापरवाही से साइबर ठगी हुई तो अब लौटानी होगी पूरी रकम

कोई गिरफ्तार कैसे हो सकता है?

सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने सवाल उठाया कि लोग कैसे मान लेते हैं कि उन्हें मोबाइल फोन के जरिए गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता फैलाए जाने के बावजूद लोग इस तरह की ठगी को समझ क्यों नहीं पा रहे हैं। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की तीन सदस्यीय बेंच कर रही थी। कोर्ट को बताया गया कि हाल ही में एक महिला डिजिटल अरेस्ट स्कैम में 2.5 करोड़ रुपए गंवा बैठी।



संदिग्ध लेन-देन को तुरंत रोकने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर किसी खाते से ऐसा लेन-देन होता है, जो खाताधारक के पुराने लेन-देन से बिल्कुल अलग है, तो बैंक उसे तुरंत रोककर उसकी जांच क्यों नहीं कर सकते? कोर्ट ने कहा कि ठगी होने के बाद केवल रिपोर्ट तैयार करना काफी नहीं है। जरूरी है कि ऐसी घटनाओं को पहले ही रोका जाए।

पैसे भेजने से पहले जांच हो, पुलिस को भी मिले सूचना

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संदिग्ध लेन-देन की जानकारी संबंधित पुलिस स्टेशन को दी जानी चाहिए। साथ ही, पैसे भेजने से पहले लेन-देन की वास्तविकता की जांच की जानी चाहिए। कोर्ट का जोर इस बात पर रहा कि बैंक और संबंधित वित्तीय संस्थान संदिग्ध गतिविधियों को नजरअंदाज न करें। समय रहते जांच और कार्रवाई होने से साइबर ठगी को रोका जा सकता है और पीड़ितों को होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है।

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश

पीठ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में दर्ज प्राथमिकी और जांच का ब्योरा देने तथा ऐसे अपराधों की रोकथाम के सुझाव देने का भी निर्देश दिया। इस बीच, त्वरित संदेश मंच व्हाट्सऐप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि मंच अब तक 9,400 संदिग्ध खातों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। उन्होंने कहा कि कंपनी संदिग्ध खातों की पहचान करने और उपयोगकर्ताओं को सतर्क करने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित कर रही है। सुप्रीम कोर्ट 'फर्जी दस्तावेजों से जुड़े डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों के संबंध में' स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।

कांग्रेस का आज 'जन महाभियोग'

खड़गे प्रस्ताव पेश करेंगे राहुल देंगे समापन भाषण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार 30 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 'जन महाभियोग' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस कार्यक्रम की कार्यवाही की शुरुआत करते हुए 'प्रस्ताव' पेश करेंगे और इसे पारित किए जाने से पहले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समापन भाषण देंगे।

ज्ञानेश के खिलाफ विरोध

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि कथित 'वोट चोरी' और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का विरोध जारी रहेगा। सभी विपक्षी दल इसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा विरोध 'वोट चोरी' और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा आयोग में किए गए कृत्यों के खिलाफ है। हम इसे जारी रखेंगे और सभी दल हमारा समर्थन कर रहे हैं।

मीरा कुमार करेंगी अध्यक्षता

सूत्रों ने बताया कि मीरा कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन के 'जन महाभियोग' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। खरगे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'महाभियोग प्रस्ताव' पेश करेंगे, जबकि प्रस्ताव पारित किए जाने से पहले राहुल गांधी समापन भाषण देंगे।

अगले सत्र से 10वीं के छात्र नहीं पढ़ेंगे पर्यावरण शिक्षा अनिवार्य रहेंगे 5 विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की विषय योजना में बदलाव किया है। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2027-28 में 10वीं में पहुंचने वाले विद्यार्थियों को अब पर्यावरण शिक्षा नहीं पढ़नी होगी। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 9वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम से इंडिविजुअल्स इन सोसाइटी विषय और माड्यूल आफ कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी हटा दिए गए हैं। बोर्ड ने ये बदलाव अंतरविषयी क्षेत्र को लागू करने की निर्धारित समय-सारणी ⏭शेष पेज 6 पर

खास खबर



22 विषयों में से चुन सकेंगे विकल्प

विद्यार्थी वैकल्पिक उन्नत गणित, उन्नत विज्ञान या व्यावसायिक शिक्षा के तहत 22 कौशल विषयों में से किसी एक को चुन सकते हैं। इन वैकल्पिक विषयों में परीक्षा और मूल्यांकन की व्यवस्था विद्यार्थी के चुने गए विषय के अनुसार होगी। सीबीएसई ने व्यावसायिक यानी कौशल शिक्षा को अनिवार्य रखा है। इसके लिए विद्यार्थी कौशल विकास विषय या बोर्ड की ओर से अधिसूचित 22 विषयों में से किसी एक का चयन कर सकेंगे। ⏭शेष पेज 6 पर

बदल सकेंगे अनुत्तीर्ण विषय

सीबीएसई ने 10वीं के परिणाम के लिए विषय प्रतिस्थापन का प्रविधान भी स्पष्ट किया है। यदि विद्यार्थी तीन विषयों गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में से किसी एक में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, लेकिन चुने गए कौशल विषय में उत्तीर्ण हो जाता है, तो नियमानुसार कौशल विषय से उस विषय को बदला जा सकता है। हालांकि, यह सुविधा कौशल विकास विषय चुनने वाले विद्यार्थियों को नहीं मिलेगी। इसी तरह, यदि विद्यार्थी पहली या दूसरी भाषा में से किसी एक में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, लेकिन वैकल्पिक भाषा में उत्तीर्ण हो जाता है, तो निर्धारित शर्तों के तहत वैकल्पिक भाषा से उस विषय को बदलने का प्रविधान है।

कर्नाटक में दूध की कीमतों में आठ रुपए की बढ़ोतरी

बेंगलुरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने नंदिनी ब्रांड के दूध की कीमतों में आठ रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया। मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई कीमत में से सात रुपये किसानों को और एक रुपया दुग्ध सहकारी समितियों को मिलेगा।



किसानों को मिलेंगे सात रुपए

मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल में चर्चा के बाद हमने आठ रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया, जिसमें से सात रुपए किसानों को और एक रुपया दुग्ध सहकारी समितियों को मिलेगा।

छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा, अब मिलेगा 60 प्रतिशत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीपावली से पहले लिया निर्णय

3.85 लाख कर्मचारी और 1.50 लाख पेंशनर होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीपावली से पहले प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता, डीए और महंगाई राहत, डीआर में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 1 नवंबर 2026 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की दर 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगी। राज्य सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लगभग 3.85 लाख शासकीय कर्मचारियों और 1.50 लाख पेंशनरों को लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी से कर्मचारियों और पेंशनरों को बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक राहत मिलेगी। साथ ही दीपावली के त्योहार पर उनके परिवारों की खुशियों में भी इजाफा होगा। सरकार के इस निर्णय से राज्य के खजाने पर लगभग 36 करोड़ रुपए प्रतिमाह का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। वहीं सालाना आधार पर करीब 432 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी ⏭शेष पेज 6 पर



प्रगति पहल- देश के 50 शहरों में छत्तीसगढ़ के ये शहर चुने गए

सफाई के मॉडल बनेंगे देश के 50 शहर इनमें छग के रायपुर और बिलासपुर भी

सात दिन में टीम गठन, 30 दिन में बनानी होगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर को स्वच्छता के मामले में मॉडल शहर बनाने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने देश के 24 राज्यों के 50 शहरों को प्रगति-50 पहल के लिए चुना है। इनमें छत्तीसगढ़ के दोनों नगर निगम शामिल हैं। इन शहरों में सफाई, कचरा प्रबंधन, शौचालयों की व्यवस्था और इस्तेमाल किए गए पानी के प्रबंधन में सुधार के लिए 48 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक ⏭शेष पेज 6 पर

खास खबर



छह महीने में घर-घर कचरा संग्रहण का लक्ष्य

प्रगति-50 के तहत दोनों शहरों में छह महीने के भीतर घर-घर कचरा संग्रहण की 100 प्रतिशत कवरेज हासिल करनी होगी। घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बड़े कचरा उत्पादकों के स्तर पर कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था को भी ⏭शेष पेज 6 पर

शौचालयों और सीवेज प्रबंधन में भी सुधार

कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की कार्यशीलता, सफाई और सुरक्षित अपशिष्ट निपटान पर ध्यान देना होगा। नालों की सफाई, सीवर और सेप्टिक टैंकों की यांत्रिक सफाई तथा इस्तेमाल किए गए पानी के उपचार की व्यवस्था भी निगरानी के दायरे में रहेगी। इसके अलावा, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में खर्च की वसूली का लक्ष्य पहले छह महीने में 15 प्रतिशत से अधिक, छह से 12 महीने में 20 प्रतिशत से अधिक और 12 से 24 महीने में 35 प्रतिशत से अधिक रखा गया है। कार्ययोजना केवल नगर निगम की सीमा तक सीमित नहीं रहेगी। निर्देशों में रेलवे कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों और अन्य संबंधित संस्थाओं के क्षेत्रों को भी 'समग्र शहर' के दृष्टिकोण के तहत शामिल करने को कहा गया है।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'



'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और



आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।

'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले,'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब: मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक:** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद:** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले



पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: तो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।



खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।

मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो।



किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती




लाभी डूकिया ठाकुर

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।
तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.पीछे का झंडे का रंग बदला है। 2.पीछे की ओर दो टार्च का फोकस अलग है। 3.पीछे के मैजिक हैट का लिबास हैसला ढक्कन है। 4.फलपुष्प पत्ता के बीच वाली सर्किल का फलर अलग है। 5.मिर्च में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर में एक फोल अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर में एक फोल अधिक है। 8.बाईं तरफ पर में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

संविदा शिक्षकों की भर्ती के विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों सेजेस में 1812 संविदा पदों पर भर्ती के लिए डीपीआई द्वारा जारी विज्ञापन को चुनौती देते हुए आधा दर्जन से ज्यादा अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगलबेंच में हुई और सुनवाई बाद कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दिया कि उपर्युक्त कानूनी स्थिति और विज्ञापित पदों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन में हस्तक्षेप करने का कोई पर्याप्त आधार नहीं मिलता।

याचिकाकर्ताओं ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों सेजेस में 1812 संविदा पदों की भर्ती के लिए डीपीआई द्वारा 29 सितंबर 2026 को जारी विज्ञापन को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने इसे अवैध और मनमाना बताते हुए कहा था कि यह पात्रता को केवल अंग्रेजी माध्यम में शिक्षित उम्मीदवारों तक सीमित रखता है। यह तर्क दिया गया था कि न तो छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक कैडर भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2026 न ही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदात्मक नियुक्ति नियम 2012 और न ही एनसीटीई विनियमों में ऐसी कोई माध्यम विशिष्ट पात्रता शर्त निर्धारित है।

कोर्ट ने कहा- विज्ञापन में हस्तक्षेप करने का कोई पर्याप्त आधार नहीं



याचिका के अनुसार डीपीआई द्वारा विज्ञापन में दी गई शर्त हिन्दी माध्यम में शिक्षित उम्मीदवारों के साथ भेदभावपूर्ण है जो राज्य में एक बड़ी संख्या में हैं और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 16 का उल्लंघन करती है। याचिकाकर्ताओं ने विज्ञापन रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि नियोक्ता पदों की प्रकृति और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता और पात्रता शर्तें निर्धारित करने के लिए सक्षम है, बशर्ते कि ऐसी शर्तें उचित हों और किसी भी वैधानिक प्रावधान या संवैधानिक आदेश का उल्लंघन न करती हों। कोर्ट ने साफ कहा कि यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि किसी विशिष्ट पद के लिए योग्यताओं का निर्धारण भर्ती नीति का विषय है और राज्य नियोक्ता के रूप में पद की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पात्रता के लिए आवश्यक योग्यताओं को निर्धारित करने के लिए सक्षम है। कोर्ट ने कहा योग्यता संबंधी आवश्यकताएं भी सक्षम भर्ती प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जानी चाहिए न कि न्यायालय द्वारा न्यायिक समीक्षा की शक्ति का प्रयोग करते हुए। प्रशासनिक आवश्यकताओं और सार्वजनिक सेवाओं की आवश्यकताओं से संबंधित मामले नीति निर्माण के दायरे में आते हैं और ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित है।

छत्तीसगढ़ में 790 ब्लैक स्पॉट पर सुधार फिर भी हादसों पर अंकुश की चुनौती

प्रदेश में 848 दुर्घटना संभावित स्थल चिह्नित, 58 पर सुधार का काम शेष

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन इन प्रयासों के प्रभाव और स्थायी सुधार को लेकर सवाल बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में 848 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए थे। इनमें से 790 स्थानों पर सुधारात्मक उपाय किए जाने की जानकारी दी गई, जबकि 58 स्थानों की स्थिति पर आगे काम किए जाने की जरूरत है।सड़क सुरक्षा के मामले में हाईकोर्ट की निगरानी के बीच राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों को दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुधार कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने सुधार कार्यों, शेष काम पूरा करने की समय-सीमा और हाल की दुर्घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों का ब्योरा भी मांगा था। यहां किए जा रहे सुधार तकनीकी जानकारों की रिपोर्ट के आधार पर किए गए हैं। शेष बचे स्थानों को सड़क चौड़ीकरण और अन्य उपाय किए जा रहे हैं।

रायपुर जिले में टाटीबंध, भाठागांव, बेमता-भुइंया, सिलतरा ओवरब्रिज, निको गेट और पारागांव-निसदा मोड़ सहित दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। संबंधित एजेंसियों को संकेतक बोर्ड, सड़क की दृश्यता, प्रकाश व्यवस्था, गति नियंत्रण और जंक्शन सुधार जैसे उपायों पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनएचएआई ने 11 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए हैं। इन स्थानों पर अंडरपास और सर्विस लेन सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा हाईवे किनारे अवैध ढाबों, अतिक्रमण और गलत दिशा में वाहन चलाने जैसी समस्याओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



ब्लैक स्पॉट पर ये सुधार किए गए

ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में किए गए सुधार के बारे में लोक निर्माण विभाग के मुताबित दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी और दिशा-सूचक बोर्ड, परावर्तक संकेतक लगाए गए। गति नियंत्रण के लिए रंबल स्ट्रिप, गति नियंत्रक उपाय और सड़क पर निशान बनाए गए। सुरक्षा अवरोध के लिए जरूरत के अनुसार क्रैश बैरियर, गार्ड रेल और डिवाइडर पर सुरक्षा उपाय किए गए। अंधेरे और कम दृश्यता वाले स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था तथा हाई-मास्ट लाइट लगाए गए हैं। खतरनाक मोड़ों, चौराहों और जंक्शन में सुधार तथा जरूरत के अनुसार सड़क चौड़ीकरण किया गया। यातायात नियंत्रण के लिए तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई। सड़क किनारे अवैध ढाबे और अनधिकृत कब्जे हटाने के निर्देश। इन स्थानों पर जरूरत के अनुसार अंडरपास, सर्विस रोड और जंक्शन सुधार के कार्य।

कोयले की धूल रोकने उपायों पर हाईकोर्ट ने आगे निगरानी से किया इनकार


जनहित याचिका की सुनवाई टली

बिलासपुर। कोयले की धूल से होने वाले प्रदूषण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई में हाईकोर्ट ने फिलहाल आगे निगरानी की आवश्यकता नहीं मानी है। हालांकि याचिकाकर्ता को एक और अवसर देने के लिए मामले की सुनवाई 7 जनवरी 2027 तक बढ़ा दी गई है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान बार-बार पुकारे जाने के बावजूद याचिकाकर्ता की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ।

सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता राहुल तामस्कर, प्रतिवादी एसईसीएल सहित अन्य पक्षों की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं को सुना गया। न्यायालय ने 29 अगस्त 2026 को प्रस्तुत शपथ पत्र और 31 अगस्त के आदेश में दर्ज तथ्यों पर विचार किया। शपथ पत्र के अनुसार रेलवे ओवरब्रिज निर्माण क्षेत्र और आसपास कोयले की धूल कम करने के लिए प्रोफाइल शीट लगाने, नियमित पानी छिड़कने, वायु गुणवत्ता की निगरानी, सड़कों की मशीनों से सफाई और कोयला परिवहन करने वाले वाहनों को ढकने जैसे उपाय किए गए हैं।

एसईसीएल ने कोयला परिवहन के दौरान ओवरलोडिंग रोकने, वाहनों के पहियों की सफाई, गौरव पथ के रखरखाव और सड़क मार्ग से कोयला परिवहन धीरे-धीरे कम करने के कदम भी बताए हैं। इसके अलावा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर, चिकित्सा सुविधाएं, चलित चिकित्सा इकाइयां, पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी गई है।

भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के उपायों का भी शपथपत्र में उल्लेख है। जस्टिस संतोष शर्मा व चीफ जस्टिस कृष्ण राम महापात्रा की डिवीजन बेंच ने शपथ पत्र में उठाए गए कदमों को ध्यान में रखते हुए कहा कि फिलहाल मामले की आगे निगरानी आवश्यक नहीं है। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को एक और अवसर देते हुए सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की गई। एसईसीएल को स्थानीय प्रशासन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा निर्माण क्षेत्र और परिवहन मार्ग के आसपास रहने वाले लोगों को धूल, भारी वाहनों और निर्माण कार्यों से होने वाली परेशानी से बचाने के निर्देशों पर ध्यान देना होगा।



ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती और धोनी की साझेदारी के 10 साल पूरे

इंदौर। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख पूजा सामग्री और सुगंध ब्रांडों में शामिल जेड ब्लैक अगरबत्ती ने एमएस धोनी के साथ अपनी साझेदारी के 10 साल पूरे किए हैं। इस मौके पर ब्रांड ने 'प्रार्थना होगी स्वीकार' कैंपेन के तहत त्योहारों के लिए नया टीवी विज्ञापन लॉन्च किया है। इस विज्ञापन में भारतीयों की अलग-अलग प्रार्थनाओं और आने वाले कल को लेकर उनकी आकांक्षाओं को दिखाया गया है। एमएस धोनी भी विज्ञापन में प्रार्थना करते नजर आते हैं। विज्ञापन का समापन जेड ब्लैक 3-इन-1 प्रीमियम अगरबत्ती और अभियान के संदेश 'प्रार्थना होगी स्वीकार' के साथ होता है। इस नए कैंपेन के साथ जेड ब्लैक और महेंद्र सिंह धोनी की साझेदारी ने 10 साल पूरे कर लिए हैं। इस साझेदारी ने ब्रांड के विकास और अलग-अलग पीढ़ियों तथा क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से जुड़ाव बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में जेड ब्लैक के टीवी विज्ञापनों में धोनी के कई यादगार रूप देखने को मिले हैं। इनमें पुरानी भारतीय क्रिकेट जर्सी में उनका अंदाज और उनका खास गुरुजी अवतार शामिल है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, "प्रार्थना हर व्यक्ति के लिए बेहद निजी होती है, लेकिन उसके पीछे की उम्मीद सभी के लिए एक जैसी होती है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के निदेशक अंशुल अग्रवाल ने कहा, "त्योहारों का समय पूजा और सुगंधित उत्पादों की श्रेणी के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। अब उपभोक्ता पूजा-पाठ के लिए अलग तरह के उत्पादों के साथ बेहतर अनुभव भी चाहते हैं। इस साल हमने 'प्रार्थना होगी स्वीकार' को केंद्र में रखकर त्योहारों के लिए अपनी योजना तैयार की है। इसके लिए बड़े स्तर पर प्रचार किया जाएगा। ओबेरॉय आईबीसी के प्रबंध निदेशक आनंद ओबेरॉय ने कहा, "एक दशक से अधिक समय से हमें एमएस धोनी के साथ जेड ब्लैक के सफर को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। ओबेरॉय आईबीसी की परिकल्पना पर तैयार किया गया नया टीवी विज्ञापन जेड ब्लैक अगरबत्ती के त्योहारों के अभियान का प्रमुख हिस्सा है।

नवजात के लिए मध्यरात्रि नियोनेटल एम्बुलेंस की व्यवस्था

रायपुर। जन्म के महज कुछ पल बाद ही अस्वस्थ हुए अपने बच्चे को रायपुर लाने के लिए मध्यरात्रि नियोनेटल एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। परिजनों ने आधी रात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मदद की गुहार लगाई। गर्भावस्था के सातवें महीने में जन्मे इस नवजात को बेहतर उपचार की आवश्यकता थी।



हाईकोर्ट ने उच्च न्यायिक सेवा के 19 अधिकारियों की सेवा पुष्टि की

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने प्रशासनिक स्तर पर कई अहम फैसले लिए हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट ने उच्च न्यायिक सेवा के 19 अधिकारियों की सेवा की पुष्टि कर दी है। इसके साथ ही रजिस्ट्री के विभिन्न संवर्गों में पदोन्नति के आदेश भी जारी किए गए हैं। वहीं बेमेतरा जिला न्यायालय में कोर्ट मैनेजर की नियुक्ति की गई है।

पदोन्नति संबंधी आदेश कार्यवाहक क्षमता में दो साल की अवधि के लिए जारी किए गए हैं। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 28 अक्टूबर से उच्च न्यायिक सेवा के 19 अधिकारियों की सेवा संपुष्ट की गई है। सूची में वीरेंद्र, मुकेश कुमार तिवारी, अमित कुमार कोहली, जितेंद्र कुमार ठाकुर, जगदीश राम, मोनिका जायसवाल, अनिल कुमार बारा, संतोष कुमार महोबिया, पुष्पलता मार्कंडे, मोना चौहान, कृष्णा कुमार सूर्यवंशी, वंदना वर्मा, संजया रात्रे, संतोष ठाकुर, नरेंद्र कुमार, श्यामवती मरावी, सुषमा लाकड़ा, अनिल प्रभात मिंज और दीपक कुमार कोशले के नाम शामिल हैं। हाईकोर्ट प्रशासन ने रजिस्ट्री के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश भी जारी किए हैं। आदेश के तहत प्रवीण कुमार सिन्हा और पवन कुमार झा को उप रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं जयप्रकाश शुक्ला, विजय कुमार मिंज और अनिल कुमार गुप्ता को सहायक रजिस्ट्रार बनाया गया है। ये पदोन्नति कार्यवाहक क्षमता में दो वर्ष की अवधि के लिए की गई हैं।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

वृष — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

कर्क — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

धनु — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मकर — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

कुंभ — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

मीन — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कार्यालय नगर पंचायत बम्हनीडीह, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
npbamhanidih@gmail.com

क्रमांक / 873/लो.नि.वि./ न.पं./ 2026-27 — बम्हनीडीह, दिनांक 29.10.2026

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत बम्हनीडीह क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि	Physical Doc Submission End Date	Online Bid Open Date (Scheduled)
1.	203000	आकांक्षीय नगर पंचायत बम्हनीडीह क्षेत्रांतर्गत आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य (10 सीटर)	28.20	20-11-2026 Time 17.30 pin	23-11-2026 Time 17:30 pm	25-11-2026 Time 11.00 am.

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in में डाउनलोड/देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बम्हनीडीह, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा
जिला विदिशा (म.प्र.)
नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा
Email_cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र/SWM/2026/ — गंजबासौदा दिनांक .....

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

ई-निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
2026_UAD_545656_1	SELECTION OF AN AGENCY NON-PROFIT ORGANIZATION FOR PROVIDING END-TO-END MANAGEMENT OF SOLID WASTE IN NAGAR PALIKA PARISHAD GANJBASODA	8835490.00	66300.00	10000.00	16.11.2026

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ0ग0)

क्रमांक 3727 / न.पा.नि./ 2026 — रायगढ़ दिनाँक 28/10/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।


नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	202839	नगर निगम रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत जयसिंह तालाब का उन्नयन कार्य।	192.42	18.11.2026
2	202845	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत केवडाबाड़ी बस स्टैण्ड से मरीनड्राईव (केलो नदी) तक नाला चैनलाईजेशन कार्य।	810.65	18.11.2026
3	202881	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कलेक्ट्रेट/न्यायालय परिसर के सामने उद्यान में स्मृति कार्य। (द्वितीय निविदा)	168.77	16.11.2026
4	202888	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत उपभोक्ता फोरम (पंजरी प्लांट) के पास ऑक्सीजोन निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	85.62	16.11.2026
5	202893	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सर्किट हाउस के सामने दिव्यांग फ्रेंडली आल एबिनिटी पार्क एवं शेड निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	165.54	16.11.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि.. रायगढ़

शब्द पहेली - 6393



बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

ऊपर से नीचे
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

शब्द पहेली - 6392 का हल

र	प	ट	ना		ज		अ	ए	स	ब
	ल		म		ना	वि	क		ल	ड़
ह			ज	ल	न		ल			क
म	क	स	द		खा	ना		श	का	न
स		ब		म	न		ध्व		लि	
ज	प	क	र	ना		स	ज	कु	मा	र
	ह		था		या	भी		ली		था
क	स	र		न	न		अ	न	ब	न
म			ज		चा	क	र			गी
लि	ला		ह	म	ल		दा		सं	
न	क	सी	र		क		स	दा	चा	र

सूडोकु नवताल - 6403

कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6402 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

काकरोच पार्टी ने भी इंडिया ब्लाक के मार्च को दिया समर्थन

'पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें, घबराने की जरूरत नहीं है'

राहुल का नया वीडियो- दिल्ली चलो मार्च में छात्र संगठनों से आने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्र संगठनों से भी 1 नवंबर के दिल्ली चलो मार्च में आने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें। घबराने की जरूरत नहीं है। इस रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत गठबंधन के कई नेता पहुंचे। बता दें, इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दोनों ही एसआईआर और वोटरों के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।



ये किसी राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं : राहुल ने एक्स पर कहा कि यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का मार्च है। यह मार्च भारतीय संविधान और राष्ट्र की रक्षा के लिए है। एक नवंबर का मार्च लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी रोकने और संविधान की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि देश के लोकतंत्र, संविधान, विचारों और अपनी बात रखने की आजादी पर हमला हो रहा है तो उसे इस मार्च में शामिल होना चाहिए।

पब्लिक महाभियोग कार्यक्रम भी

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक शुक्रवार को ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में पब्लिक महाभियोग प्रोग्राम करेगा। इसमें राहुल गांधी समेत विपक्षी नेता शामिल होंगे। दूसरी जगह पर परमिशन नहीं मिलने के बाद अब यह कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे 10 राजाजी मार्ग पर होगा। ये कार्यक्रम विपक्ष की 1 नवंबर को रामलीला मैदान पर होने वाली रैली से पहले होगा। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। इसके जरिए उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाते हैं और इस्तीफे की मांग करते हुए सार्वजनिक दबाव बनाया जाता है।

सीईसी ज्ञानेश के खिलाफ लगातार हो रहे हैं प्रदर्शन


इंडिया ब्लॉक के नेता एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 से 13 अक्टूबर के बीच 8 बार प्रदर्शन कर चुके हैं। कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने भी 10 अक्टूबर को इसी मुद्दे पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस दौरान शहर में बैरिकेडिंग की गई थी, 45 मेट्रो स्टेशन बंद रहे और 7 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

इंडिया ब्लॉक में शामिल हो सकती है सीजेपी, कार्यकर्ताओं से मांगा फीडबैक

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने इंडिया ब्लॉक की 1 नवंबर की रैली का समर्थन किया है। सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी समर्थक रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी ने इंडिया ब्लॉक में शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। इस पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा है।

वोट देने का अधिकार खतरे में चुप नहीं रह सकते : ममता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता। बनर्जी ने सोशल मीडिया पर संदेश जारी कर कहा कि एक नवंबर को आईएनडीआईए रामलीला मैदान में एकजुट होगा। उन्होंने वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई को हर भारतीय के अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के अधिकार की रक्षा से जोड़ा। ममता ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए साथ खड़ा होना चाहिए। उनके मुताबिक, बंगाल के साथ देश के दूसरे राज्यों में भी वोटों से जुड़ी शिकायतों पर जवाब मिलना चाहिए।



सायरन के लगातार शोर से तंग पड़ोसी ने कार जलाई

गुजरात के मोरबी का मामला, वीडियो भी बनाया

अहमदाबाद। गुजरात में मोरबी के पड़ोसी ने कार के लगातार बजने वाले सायरन से तंग आकर कार में आग लगा दी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कार को छूने पर हर बार सायरन बजता था। इस मामले में पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामला वाघपारा इलाके का है। वकील पुष्पा भट्ट की शिकायत के अनुसार, 28 अक्टूबर को शाम करीब 4:45 बजे उनकी स्विफ्ट कार घर के पास खड़ी थी, तब उनके पड़ोसी शिखर गोहेल ने बोतल से पेट्रोल डालकर कार में आग लगा दी। आरोपी ने पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी कर लिया। यह पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि आरोपी शिखर गोहेल एक बोतल लेकर स्विफ्ट कार के पास आया और उसके बोनट और आगे के हिस्से पर पेट्रोल छिड़का। इसके बाद माचिस जलाकर कार में आग लगा दी। आग लगते ही आरोपी थोड़ी दूरी पर खड़ा हुआ और अपने मोबाइल कैमरे से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। सड़क पर लोगों की आवाजाही के बावजूद वह बेफिक्र होकर वीडियो बनाता रहा। देखते ही देखते कार आग की लपटों में घिर गई। इसके बाद आरोपी शिखर दूसरी कार में बैठकर वहां से चला गया।



'साजिश के तहत गिराई गई थी पड़ोसी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार'

ढाका। बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एएफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी। छात्र चाहते थे कि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार चलाएं। 5 अगस्त 2024 को हसीना ने बांग्लादेश छोड़ा था। इसके दो दिन पहले ही यूनुस और छात्रों के बीच बातचीत हुई थी।

सुरक्षा एजेंसियों को बातचीत की जानकारी ही नहीं थी

शफीकुल आलम के मुताबिक, छात्र नेताओं को यूनुस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति की जरूरत थी। ऐसे में कादरुद्दीन शिशिर ने दोनों पक्षों के बीच संपर्क कराने में मदद की। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी।

एथेनॉल आवंटन से जुड़े मामले की सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

'100% एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों को मंजूरी मिली तो कैसे होगी ईंधन की सप्लाई?'

सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशत एथेनॉल से चलने वाले वाहनों को मंजूरी देने के बाद ईंधन की उपलब्धता को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया है। अदालत ने पूछा कि यदि ई-100 ईंधन पर चलने वाली गाड़ियों को अनुमति दी जाती है, तो उनकी जरूरत पूरी करने के लिए एथेनॉल की सप्लाई कैसे इंतजाम की जाएगी? एथेनॉल आवंटन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने हाल में आई मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए पूछा कि जब 100 प्रतिशत एथेनॉल से चलने वाले वाहनों को अनुमति दी जा रही है, तो उनके लिए पर्याप्त ईंधन की आपूर्ति कैसे होगी? इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने की जरूरत होगी। अदालत ने मामले की सुनवाई अगले महीने के लिए टाल दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए ई-100 ईंधन को भी शामिल किया गया है। ई-100 लगभग शुद्ध एथेनॉल वाला ईंधन है, जिसका इस्तेमाल इसके अनुकूल बनाए गए वाहनों में किया जा सकता है।

इस मामले में अगली सुनवाई होगी अब अगले महीने



क्या है फ्लेक्स-फ्यूल वाहन?

फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ऐसे वाहन होते हैं, जिन्हें पेट्रोल और एथेनॉल के अलग-अलग अनुपात वाले मिश्रण पर चलने के लिए तैयार किया जाता है। ये E85 जैसे ईंधन पर भी चल सकते हैं, जिसमें 85 प्रतिशत एथेनॉल और 15 प्रतिशत पेट्रोल होता है। हालांकि, ई-100 को रेगुलेटरी अप्रूवल मिलने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के सभी पेट्रोल पंपों पर आसानी से मिलने लगेगा। इसके लिए उत्पादन, वितरण और ईंधन आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्था को भी विकसित करना होगा।

किसानों को सशक्त बनाने पर जोर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को केवल ईंधन की उपलब्धता तक सीमित रखकर नहीं देखा जाना चाहिए। इसमें व्यापक जनहित, पर्यावरण और किसानों के हितों को भी ध्यान में रखना जरूरी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश ने किसानों को सशक्त बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि देश की बड़ी आबादी, खासकर गांवों में रहने वाले आम लोगों के हितों पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने का पहलू ऐसा है, जिस पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो रही है। अटॉर्नी जनरल ने अदालत को आश्वासन दिया कि वह मामले में अपनी दलीलों के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दे पर भी बात करेंगे।

पहले यह कहा था सरकार ने

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 27 अक्टूबर को कहा था कि केंद्र सरकार की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की तत्काल कोई योजना नहीं है। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल मिलाया जाता है। इसका उद्देश्य पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता कम करना, आयात पर होने वाले खर्च को घटाना और घरेलू स्तर पर उत्पादित एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। ऐसे में ई-100 वाहनों के लिए अनुमति और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मौजूदा नीति के बीच तालमेल, ईंधन की उपलब्धता और उत्पादन क्षमता जैसे सवाल महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

नेतन्याहू का अरब दलों के साथ सहयोग से इंकार

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को अरब नेतृत्व वाले दलों पर चुनाव में धांधली के आरोप दोहराते हुए विदेशी हस्तक्षेप का संदेह जताया और पुलिस तथा देश की शीर्ष आंतरिक सुरक्षा एजेंसी से तत्काल जांच की मांग की। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में केंद्रीय निर्वाचन समिति (सीईसी) के प्रमुख न्यायमूर्ति नोआम सोलबर्ग के उस फैसले का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने मंगलवार को हुए चुनाव में विदेशी वित्तपोषण और अनुचित प्रभाव के संदेह की जांच करने के लिए खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख डेविड जिनी से आग्रह किया था।

खास बातें

- किसी भी पार्टी को नहीं मिला है स्पष्ट बहुमत
- चुनाव में धांधली के आरोप दोहराये बेंजामिन ने



इजराइल चुनाव

यह लगाए आरोप

नेतन्याहू ने अरब नेतृत्व वाले दलों और विपक्षी गठबंधन को निशाना बनाते हुए लिखा, 'उन्होंने इजराइल में चुनाव चुरा लिया।' नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि विदेशी संस्थाओं ने मंगलवार को हुए संसदीय चुनाव में हस्तक्षेप किया और अरब नेतृत्व वाले दलों के पक्ष में मतदाताओं को रिश्वत दी। नेतन्याहू ने कहा कि किसी भी यहूदी दल को अरब नेतृत्व वाले दलों के साथ सहयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेसेट के नेतृत्व में बदलाव और ऐसी सरकार के गठन के लिए नकदी देकर वोट खरीदे गए, जो इजराइल के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

इतनी सीटें मिलने का अनुमान

ये आरोप ऐसे चुनाव के बीच लगाए गए हैं, जिसमें 120 सदस्यीय नेसेट (संसद) में किसी भी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। न तो नेतन्याहू के गठबंधन और न ही पूर्व सैन्य प्रमुख गादी आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को। मतगणना के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू के खेमे को 53, जबकि आइजेनकोट नीत गठबंधन को 48 सीटें मिलने का अनुमान है। अरब नेतृत्व वाले दलों को 19 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया। नेसेट में बहुमत के लिए 61 सीटों की जरूरत होती है।

स्पेन में सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा

पुलिसकर्मियों पर फेंकी बोतलें, रेल हादसे के बाद सड़कों पर उतरे लोग

मैड्रिड। स्पेन में बुधवार को हुए दर्दनाक रेल हादसे से लोगों का गुस्सा सरकार के खिलाफ फूट गया है। हादसे के बाद गुरुवार को हजारों लोग प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज और परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए।

स्पेनिश न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, रात भर में स्पेन की राजधानी मैड्रिड में परिवहन मंत्रालय की इमारत के बाहर करीब 1,500 लोग जमा हो गए और मंत्रियों को पद से हटाने की मांग करने लगे। खबरों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर बोतलें और फ्लेयर्स (आतिशबाजी) फेंके, जिसके जवाब में पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलहाल, किसी के घायल होने या किसी की गिरफ्तारी की कोई खबर नहीं है।



हादसे की वजह

बता दें, बुधवार 28 अक्टूबर को दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर से 68 लोगों की मौत हो गई थी। माना जा रहा है गलत सिग्नल देने के चलते यह यूरोप के आधुनिक इतिहास का यह सबसे भीषण रेल दुर्घटना हुई है। इसके पहले भी स्पेन में 9 महीने पहले भी हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर हुई थी, जिसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। स्पेन में हो रहे प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें देखी जा सकती हैं। प्रदर्शनकारी इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि प्रशासन ने इस हादसे को कैसे संभाला।

सीजेआई पर पोस्ट : राउत ने मांगी बिना शर्त माफी

नई दिल्ली। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ टिप्पणी वाली सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवमानना नोटिस मिलने के बाद उन्होंने हलफनामा दाखिल कर कहा कि वह अपनी इच्छा से पूरी तरह माफी मांग रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राउत को 17 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत उस दिन उनके माफीनामे पर विचार करेगी।

कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
(दूरभाष क्र. 07762-220742 वेबसाईट- www.gmcraigarh.edu.in ई-मेल gmcraigarh.2013@gmail.com)

क्रमांक / / शा.चि.म./स्था./2026/15683
रायगढ़, दिनांक 28/10/26

विज्ञापन-सूचना

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सकों के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशन तिथि उपरांत दिनॉक 18.11.2026 से दिनाँक 19.11.2026 तक "वॉक-इन-इन्टरव्यू" आयोजित किया जावेगा। महाविद्यालय की वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in पर चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सकों की विभागवार रिक्तियों की जानकारी, संविदा वेतन तथा नियम एवं शर्तों की जानकारी उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 262704273/1

OFFICE OF THE DEPUTY DIRECTOR
Hydrometeorology, Division No. 04, Raipur (C.G.)

CORRIGENDUM NO. 2

Notice No. 1168/T.S./Hydro/2026-27, Raipur Dated:-23/09/2026 Whose G-Number is 262703503 Dated 25/09/2026 & 262704026 Dated 17/10/2026 "Request for Proposal (RFP)" for empanelling consultants to provide technical services to the Chhattisgarh Water Resources Department under the provisions of the "Dam Safety Act, 2021."
Following amendments are made:-

S. No.	Amendments
1	**Date of Submission for the Request for Proposal (RFP) of 04/11/2026 at 05:30 PM**
2	**Date of opening the Request for Proposal (RFP) documents: 05/11/2026**

Note- All other terms and conditions will remain be unchanged.

Deputy Director
Hydrometeorology
Division No. 04, Raipur (C.G.)

G.- 262704286/1

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़
खण्ड-3, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक- 0771 2331385, फैक्स-0771 2445215 ई-मेल cg.dpi.dir/gmail.com

क्र./सेजेस /2026-27/123 नवा रायपुर, दिनांक 28/10/2026

// CBT भर्ती सूचना //

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 1812 रिक्त संविदा पदों (Contractual Basis) की CBT भर्ती परीक्षा दिनॉक 31 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2026 के मध्य विभिन्न 24 परीक्षा केन्द्रों में 34604 परीक्षार्थी कम्प्यूटर आधारित परीक्षा देगें। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट http://eduportal.cg.nic.in मे जाकर डाउनलोड कर सकते है। डाक द्वारा कोई भी प्रवेश पत्र नही भेजा जा रहा है, परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र के साथ व्यक्तिगत परिचय पत्र-आधार कार्ड/पेन कार्ड/निर्वाचन परिचय पत्र / पासपोर्ट / ड्राईविंग लाईसेंस की मूल प्रति लाना आवश्यक हैं, तभी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जावेगा।

परीक्षार्थियों की प्राथमिकता अनुसार परीक्षा केन्द्रों का आबंटन किया गया है, रायपुर में परीक्षा केन्द्रों की संख्या 06, बिलासपुर में 06, दुर्ग में 04, भिलाई में 04, जांजगीर-चांपा (पामगढ़) में 01, सरगुजा में 01 और बस्तर (जगदलपुर) में 02 केन्द्र कुल 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। CBT भर्ती परीक्षा में विद्यार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश प्रवेश पत्र के साथ जारी किए गए है, परीक्षार्थी उसका अवलोकन कर पालन करना सुनिश्चित करें। परीक्षार्थियों की संख्या अनुसार CBT भर्ती परीक्षा तीन पालियों में, प्रथम पाली प्रातः 08.30 से 10.30 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 12.30 से 2.30 बजे और तृतीय पाली अपरान्ह 4.30 से 6.30 बजे तक आयोजित की जावेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के समय से 90 मिनट पूर्व पहुंचना होगा। अतः प्रथम पाली के बच्चों का प्रातः 07 बजे से, द्वितीय पाली में पूर्वान्ह 11 बजे से, तृतीय पाली अपरान्ह 3 बजे से निर्धारित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जावेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर, प्रवेश वर्जित होगा।

अतः सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय व परीक्षा के दिशा निर्देशों का पालन करे। सभी विषयों के प्रश्नपत्र की परीक्षावधि 2 घंटे की होगीं। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होगें। पूर्णांक 100 अंक का होगा। सही उत्तर देने पर 1 अंक और गलत उत्तर देने पर ऋणात्मक मूल्यांकन करते हुए 1/4 अंक काटा जावेगा। परीक्षा उपरांत मॉडल उत्तर जारी किये जायेंगे।

संलग्न - समय सारिणी।

संचालक, महोदय द्वारा अनुमोदित
उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

जी. 262704276/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 27.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी क्र/निविदा क्रं.	कार्य का नाम	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
NIT NO. 202 Tender No. 201968	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	तृतीय आमंत्रण दिनांक 05.06.2026	रू. 83.53 लाख
NIT NO. 202 Tender No. 201968	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	चतुर्थ आमंत्रण दिनांक 05.06.2028	रू. 122.98 लाख
NIT NO. 202 Tender No. 201968	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	प्रथम आमंत्रण दिनांक 18.11.2028	रू. 183.58 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाहिगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

जी. 262704267/3

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

Office of the Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle No.-02 Ambikapur, District Surguja (C.G.)

E-Procurement Tender Notice (NIT-20)

NIT No. 20/ Zonal Tender/CGRRDA/2026 Ambikapur, Dated 28-10-2026

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle No.-02 Ambikapur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids for PIU Tenders in electronic tendering system for Patch Repair, Maintenance, renewal, special repair, other minor works etc. of roads constructed under Mukhya Mantri Gram Sadak Yojna (MMGSY) in District M.C.B. from the eligible contractors/firms registered with unified registration system (e-registration) for the work mentioned below. Date of release of invitation for Bids through e-procurement:

S. No.	District	Name of PIU	Name of Work	Amount (Rs. in Lakhs)	Contract Period (including rainy season	Money (Rs. in lakhs) Earnest	SORA Applied call CGRRDA	Category of Contractor
1	M.C.B.	Manendragarh	Patch Repair, Maintenance, renewal, special repair, other minor works etc. Under MMGSY	50.00 (Including GST)	12 Month	1.00	SOR 06 June-2025/1[a] Call	D& Above

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 02.11.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency,
Project Circle No.-02 Ambikapur Dist. Surguja (C.G.)
Email id-: projectcircle02@gmail.com

S. 49629

रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी, मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

बंगाल ने केरल को 287 रन से दी मात

मंगलापुरम (केरलम) में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमद के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में बृहस्पतिवार को केरलम को 287 रन से हराया। जीत के लिये 408 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलम ने चार विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया और 38.4 ओवर में 120 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और 18 अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। शाहबाज ने बंगाल की पहली पारी में 121 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में दो दो विकेट लिये। बंगाल ने दो पारियों में 350 और 198 रन बनाकर केरलम को 408 रन का लक्ष्य दिया था।

आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

कुलदीप और वरूण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया

एजेंसी ▶▶ आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है।

अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

भुवनेश्वर का डैथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7.70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9.58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।



जोमेल-जोशुआ ने की शानदार गेंदबाजी

मैच दूसरे दिन स्पिनरों ने बांग्लादेश की कराई वापसी



एजेंसी ▶▶ ढाका

जोमेल वारिकन और जोशुआ बिशप की शानदार गेंदबाजी से नाटकीय पतन का सामना करने वाले बांग्लादेश को उसके स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन वापसी दिलाई।

- वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी में आया नाटकीय पतन

बांग्लादेश का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 231 रन था लेकिन उसने 59 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए और उसकी टीम 272 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन ने 53 रन देकर पांच विकेट जबकि उनके साथी स्पिनर जोशुआ बिशप ने अपने पदार्पण मैच में 61 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद बांग्लादेश के स्पिनरों ताइजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने उसे लगातार झटके दिए। वेस्टइंडीज ने सात रन के अंदर तीन विकेट गंवाए और जब खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा तब उसने चार विकेट पर 134 रन बनाए थे। वह अभी बांग्लादेश से 138 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समय तेगनारायण चंद्रपॉल 43 रन और जस्टिन ग्रीव्स 15 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने 54 रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दी। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को 15 रन पर आउट कर दिया, लेकिन कैंपबेल और चंद्रपॉल ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। यह साझेदारी टूटने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

शादमान ने तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया

इससे पहले बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 213 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शादमान इस्लाम ने 99 रन से आगे खेलते हुए सुबह की दूसरी गेंद पर अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और 105 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश की पारी समाप्त होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

सिंधू, चानू पिछले आयोग के रहे सदस्य

इसके अलावा तलवारबाज भवानी देवी, एथलेटिक्स से सुधा सिंह और तजिंदरपाल सिंह, पूर्व तीरंदाज बॉम्बेयला देवी, बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत, तैराक साजन प्रकाश और कयाकिंग और कैनोइंग से मनजीत सिंह शामिल हैं। सिंधू, चानू और भवानी मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की अध्यक्षता वाले पिछले एथलीट आयोग के भी सदस्य थे।

सुजीत का विश्व चैंपियन कुश्ती में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

सुजीत का 24 मैचों में जीत का क्रम टूटा

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए।

पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।



एशियाड में सुजीत ने कुदियेव को हराया था

सुजीत ने एशियाई खेलों के फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-9 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन उस प्रदर्शन को यहां दोहरा नहीं सके। इसके साथ ही सुशील कुमार (2010) के बाद अपना दूसरा विश्व चैम्पियन देखने की भारत की उम्मीदों पर भी पारी फिर गया।

सक्रिय नहीं होने से सुजीत ने पहला अंक गंवाया : सुजीत ने सक्रिय नहीं होने के कारण पहला अंक गंवा दिया लेकिन पहले पीरियड के खत्म होने से पांच सेकंड पहले कुदियेव को गिराकर 2-1 की बढत बनाई।

फर्ग्युसन भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 से बाहर

आकलैंड। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन चोट के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से बाहर हो गए। उनकी जगह मैट फिशर को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। भारत पहले तीनों मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। चौथा मैच शुक्रवार को खेला जायेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा ,'' फर्ग्युसन को दूसरे टी20 के दौरान दाहिनी पिंडली में दर्द हुआ और स्कैन के बाद चोट का पता चला। उसे फिट होने में एक सप्ताह लग सकता है।''तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी टी20 श्रृंखला से बाहर है।

अब पहली गेंद पर चौके छक्के लगाने की सोचता हूं : तिलक

आकलैंड। भारतीय उपकप्तान तिलक वर्मा ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे से पांचवें नंबर पर खिसकने के बाद उनकी सोच में बदलाव आया है और अब वह क्रीज पर जमने पर फोकस करने की बजाय पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की कोशिश करते हैं। पिछले एक साल में लक्ष्य का पीछा करने में महारत हासिल करने वाले तिलक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में नीतिश रेड्डी के साथ भारत को संकट से निकाला। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से आगे है। चौथे टी20 से पहले तिलक ने कहा



,'' मेरे पास पहले ही से पावर गेम था। मैने तीसरे नंबर पर भी रन बनाये हैं। अब पांचवें या छठे नंबर पर पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की सोचता हूं।'' उन्होंने कहा ,''पहले मैं क्रीज पर जमने में समय लेता था और शुरूआत एक दो रन लेकर करता था।''

दिल्ली ने घरेलू महिला टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

पुणे। दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा।

एमआई ने मलिंगा, म्हाम्ब्रे और होपकिंसन को हटाया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा , पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल होपकिंसन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम ने अगले सत्र से पहले पूरे कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर दिया है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड ने ली है। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा ,'' मुंबई इंडियंस यह घोषणा करती है कि लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्बे और कार्ल होपकिंसन अब पुरूष टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
ई–टेंडर नोटिस नं: TRS-BIA-26-27-LD-23. **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई में 2 साल के लिए 3-फेज लोकोमोटिव के अलग–अलग हिस्सों को अलग करने/ खोलने/ साफ करने और पेंट करने का काम। **काम की लागत:** ₹1,89,98,422.83 (रुपये: रुपये एक करोड़ नवासी लाख अट्ठानवे हजार चार सौ बाईस और तिरासी पैसे मात्र)। **बोली सुरक्षा/ बयाना राशि जमा:** ₹2,45,000/- (रुपये: दो लाख पैंतालीस हजार मात्र)। **कार्य की पूर्णता अवधि:** काम शुरू होने की तारीख से 24 (चौबीस) महीने। **निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** 23.11.2026 को 11:30 बजे। **वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** http://www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता
(क.व.स्टा.) भिलाई
PR/R/TRS(BIA)/D360/251
South East Central Railway @secrail

कार्यालय, नगर पंचायत सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
E-mail- cmonpsariya@gmail.com
क्रमांक 1262/ लो.नि.वि./ न.पं./ 2026-27 सरिया, दिनांक 28/10/2026
// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि रू. लाख में)	निविदा ऑनलाईन सबमिट करने की अंतिम तिथि
1	202956	Construction & Beautification Work Of Rama Talab At Nagar Panchayat Sariya	180.20 (Sor item 166.99 lacs and Non Sor item 13.21 lacs)	18-11-2026 05:30 PM

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया,
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/46, तिथि: 21.10.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय	मात्रा
1	03262970B	स्पेयर्स ऑफ ऑटोमेटिक प्रेशर मोडिफिकेशन (एएमपी) डिवाईस (ईएल-60) फॉर बीएमबीएस वैगन कंसिस्टिंग ऑफ 23 आइटम्स एज पर अटैच्ड एनेक्जर 'ए'.	04.11.2026 At 10:30 hrs	7185 सेट
2	03261494A	पोली यूरेथेन कॉन्स्टेंट कॉटेक्ट साईड बेयरर पैड्स फॉर एनएलबी बोगी	18.11.2026 At 10:30 hrs	1827 नग
3	03261476	एक्सल इण्ड केप स्क्रूव, ड्रॉईंग नं. डब्ल्यूडी-18016 एस-01 एल्ट. -2 (आएटम नं.1) ऑर लेटेस्ट.	18.11.2026 At 10:30 hrs	310608 नग
4	03263355B	नार्रॉव जॉव एडाप्टर क्लास-के (6 1/2"X9") एज पर आरडीएसओ ड्रॉईंग नं. डब्ल्यूडी-15020-एस-03, एल्ट-8 ऑर लेटेस्ट.	10.11.2026 At 10:30 hrs	3839 नग
5	04261196A	एनील्ड स्ट्रैण्डर्ड कॉपर कंडक्टर फॉर जम्पर वायर (160 एसक्यू एमएम.)	26.11.2026 At 10:30 hrs	8645 केजी

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।
सहायक सामग्री प्रबंधक-III
सीपीआर/10/468 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)
Transmission Building, CSPTCL Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537
No. 02-17/Pur/T-668/1729 Bilaspur, Date: 28/10/2026
NOTICE INVITING TENDER
Sealed tenders are invited from eligible experienced Contractor on labour contract basis for the following works:-

SN	Tender No.	Particulars	E.M.D
01.	02-17/Pur/ T-668/1729 Dtd.28/10/26 (RFx. No. 8100055034)	Supply of transformer oil filtration cum storage tank (MS) capacity 10 KL for various EHV Sub-station under EE (S/s) Dn. Bishrampur, Raigarh, Bilaspur & Korba.	43,300.00
Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18%			5,000.00
Last Date & Time of Submission of Tender:-		20/11/2026	15:00 Hrs
Date & Time of Opening of Tender :-		20/11/2026	15:30 Hrs

Note:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM
SAVE ELECTRICITY
Executive Director (Sub-station)
CSPTCL Bilaspur

प्रपत्र–'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
मध्य भारत पेपर्स लिमिटेड जांजगीर, चंपा, छत्तीसगढ़ में पेपर निर्माण उद्योग में कार्यरत है
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियमन 36ए के उप–विनियमन (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016)
प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं.	मध्य भारत पेपर्स लिमिटेड सीआईएन:L21012CT1980PLC001382 | पैन:AADCM6254E
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	गांव बिरगहनी रेलवे और पीओ चंपा, जांजगीर चंपा, छत्तीसगढ़, भारत, 495671
3.	वेबसाइट का यूआरएल	लागू नहीं
4.	उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं	गांव बिरगहनी, जांजगीर–चम्पा, छत्तीसगढ़
5.	मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता	हमें दी गई जानकारी के अनुसार कॉर्पोरेट देनदार कागज निर्माण के व्यवसाय में लगा हुआ है। 16500–एमटीपीए
6.	मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं	वित्तीय वर्ष 23–24 की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार: अन्य आय से राजस्व रु.52.08 / – (लाख में) था।
7.	कर्मचारियों / कामगार की संख्या	ज्ञात नहीं
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं	irp.mbpl@gmail.com पर ईमेल करके संपर्क किया जा सकता है।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है	irp.mbpl@gmail.com पर ईमेल करके संपर्क किया जा सकता है।
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	15-11-2026
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि	25-11-2026
12.	अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	30-11-2026
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	10-12-2026
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	15-12-2026
15.	समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि	14-01-2027
16.	ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी	irp.mbpl@gmail.com
17.	एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण	"विनिर्माण" श्रेणी के अंतर्गत "मध्यम उद्यम" के रूप में पंजीकृत पंजीकरण संख्या: UDYAM-WB-10-0001883

हस्ता / –
आशुतोष खेमानी
समाधान प्रोफेशनल, मध्य भारत पेपर्स लिमिटेड
पंजी. सं.:IBBI/IPA-002/IPN-01177/2021-2022/13902
एएफए: AA2/13902/02/311226/204165 | एएफए वैध तक: 31.12.2026
पंजीकृत पता: कार्यालय क्रमांक 1–सी, तीसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, न्यू बस स्टैंड के सामने, पांडरी, रायपुर (सी.जी.) 492001
तिथि: 30.10.2026 एएफए वैध तक: 31.12.2026
स्थान: रायपुर ई–मेल: irp.mbpl@gmail.com

मारुति सुजुकी का इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात 50,000 इकाई के पार



नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का अगस्त, 2025 से अक्टूबर, 2026 के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के निर्यात का आंकड़ा 50,000 इकाई को पार कर गया है। कंपनी ने अगस्त, 2025 में ही वैश्विक बाजारों में ईवी की आपूर्ति शुरू की थी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अप्रैल-सितंबर, 2026 के दौरान भारत से हुए इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के कुल निर्यात में उसकी हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत रही। कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-विटारा' का निर्यात ब्रिटेन, नॉर्वे, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड सहित करीब 50 देशों में कर रही है। यूरोप उसके इलेक्ट्रिक वाहन का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। मारुति सुजुकी ने बताया कि ई-विटारा का उत्पादन अगस्त, 2025 में गुजरात स्थित हंसलपुर संयंत्र में शुरू हुआ था। इस वाहन को 100 से अधिक देशों में बिक्री के लिए तैयार किया गया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, /"आज मारुति सुजुकी करीब 50 देशों में इलेक्ट्रिक वाहन का निर्यात कर रही है, जिनमें यूरोप सबसे बड़ा बाजार है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

शाह ने सीएम...

सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित विभागों और जिला प्रशासन के समन्वय से आवश्यक सतर्कता बरती जा रही है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें।

रात में चली...

की स्थिति खराब मिली। वे खेतों से पानी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने शासन- प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उधर कृषि विभाग का मैदानी अमला भी नुकसान का आकलन करने फील्ड पर उतर चुका है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसल की स्थिति की फोटो खींचकर रख लें और नुकसान की सूचना विभाग को दें।

दुर्ग में 2 इंच...

की फसल ली गई है। जिसमें से 35 प्रतिशत यानी 46900 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अर्ली वेरायटी की फसल लगाई गई है। कृषि उपसंचालक संदीप कुमार भोई ने बताया कि फसल नुकसानी का सर्वे बारिश के बाद किया जाएगा।

अर्नब का देशभर...

के असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश समेत 15 राज्यों में भी बुधवार रात से बारिश हो रही है। इन राज्यों में अगले दो दिन बारिश जारी रह सकती है।

घर में गड़े...

गया था। पहले गांव की लाइट कटवाई गई फिर 40 से ज्यादा पुलिसवालों ने पूरे घर को घेरा और खुदाई कराई। मकान राकेश यादव उर्फ महाकाल का है। पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लेकर घर सील कर दिया गया है और इनकम टैक्स विभाग नोट गिनने की मशीनों से गिनती कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी पुणे में काम करता था। वह 2020 लॉकडाउन में गांव आया फिर अचानक जमीनें और ट्रैक्टर खरीदने लगा था। उसका पड़ोसी से झगड़ा हुआ जिसके बाद पोल खुल गई।

पुलिस को टिप मिली और कैसे खोदे ड्रम-

पुलिस ने बताया कि बुधवार देर शाम उन्हें सूचना मिली कि बरईपुर रामनगर निवासी राकेश यादव उर्फ महाकाल के घर चोरी किए गए पैसे जमीन में गाढ़कर रखे गए हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। घर के जमीन की खुदाई करने से पहले पुलिस ने पूरे गांव की बिजली सप्लाई कटवा दी और फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस को घर की तलाशी के दौरान जमीन के नीचे खड़े हुए तीन ड्रम मिले। ड्रम नोटों के बंडल भरे हुए थे। पुलिस ने कैश जब्त करके उसे सील कर दिया।

केदार, कवासी, बैज...

के बाद सुरक्षा को लेकर छह महीने तक कमेटी ने समीक्षा की है। पूरी तरह सुरक्षा हटा देना भी न्यायोचित नहीं है, इसलिए जेड-प्लस को जेड, वाई-प्लस को वाई और जेड को वाई श्रेणी कर एक-एक ग्रेड कम किया गया है। इसे अगले छह माह में और एक ग्रेड कम किया जाएगा।

इन प्रमुख नेताओं की सुरक्षा श्रेणी घटी-

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के नौ प्रमुख नेताओं की सुरक्षा जेड-प्लस श्रेणी से घटाकर जेड श्रेणी की गई है। इनमें छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा कर्मा परिवार को मिल रही सुरक्षा में भी कमी की गई है। इसके अलावा बस्तर क्षेत्र के सांसदों, विधायकों और पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में भी कटौती किए जाने की जानकारी मिली है।

घटना हुई तो...

खत्म नहीं हुआ है। आधा दर्जन से ज्यादा नक्सली अब भी मौजूद हैं और कुछ दूसरे राज्यों में पलायन कर गए हैं।

क्या होती हैं...

अर्धसैनिक बल के जवान और एक पायलट वाहन मिलता है। वहीं मध्यम स्तर की वाई-प्लस सुरक्षा में कुल 11 सुरक्षाकर्मी होते हैं, जिसमें 2 से 4 कमांडो, स्थानीय पुलिसकर्मी और 2 व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी (पीसओ) शामिल होते हैं, जबकि सबसे सामान्य वाई श्रेणी में कुल 8 सुरक्षाकर्मी होते हैं, जिसमें 1 या 2 कमांडो, स्थानीय पुलिस के जवान और सुरक्षा के लिए 1 बंदूकधारी दिया जाता है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व...

की योजना है। इस पहल से 133 बीट में वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनके आवागमन वाले रास्तों की पहचान करने में मदद मिलेगी। जंगल में वन्यजीव कई बार सामने आए बिना गुजर जाते हैं, लेकिन उनके पैरों के निशान उनकी मौजूदगी का अहम संकेत दे सकते हैं। इसी आधार पर पीआईपी तैयार करने की पहल को वन्यजीव निगरानी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इन पैड पर दर्ज पगमार्क वन विभाग को जंगल के भीतर वन्यजीवों की गतिविधियों को समझने में मदद करेंगे। पीआईपी में वन्यजीवों के साथ-साथ शिकारियों के भी पग के निशान मिलेंगे।

संरक्षण की रणनीति मजबूत होगी-

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के क्षेत्रीय निदेशक उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि पगमार्क इम्प्रेशन पैड वन्यजीवों की निगरानी को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम साबित हो सकता है। जंगल में दर्ज होने वाला हर निशान वन्यजीवों की गतिविधियों को समझने का एक नया संकेत देगा। हालांकि पगमार्क से मिलने वाले संकेतों का सही आंकलन और अन्य निगरानी तरीकों के साथ उनका उपयोग ही संरक्षण की रणनीति को अधिक मजबूत बनाएगा।

10 माह में 800 करोड़...

के प्रस्तावित नियामकीय उपायों में वित्तीय संस्थानों के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' या साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को उचित मुआवजा देना अनिवार्य होना चाहिए। यह मुआवजा ग्राहक की गंवाई गई रकम से कम नहीं होना चाहिए, बशर्ते यह पाया जाए कि धोखाधड़ी वित्तीय संस्थान की उचित जांच-पड़ताल में नाकामी के कारण हुई। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि बैंकों के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान जरूरी हैं, अन्यथा वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करेंगे। उन्होंने यह सवाल भी किया कि बैंक खातों को उनकी प्रकृति और लेनदेन के तरीके के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में क्यों नहीं बांट सकते और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, बैंकों के पास खाताधारकों के लेनदेन का पूरा ब्योरा होता है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति, जो सामान्य तौर पर छोटी रकम का लेनदेन करता है, अचानक बड़ी रकम भेजने की कोशिश करता है, तो बैंक को हस्तक्षेप करना चाहिए। पीठ ने कहा कि बैंकों को खाताधारक के सामान्य लेनदेन से अलग असामान्य लेनदेन को कुछ समय के लिए रोकने, संदिग्ध गतिविधियों की स्वचालित सूचना देने और जरूरत पड़ने पर खाताधारक से सीधे संपर्क कर लेनदेन की पुष्टि करने की व्यवस्था करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' की धोखाधड़ी के संभावित शिकार ग्राहकों के खातों में संदिग्ध और बड़ी रकम का लेनदेन होने पर नजदीकी पुलिस थानों को खुद ही सूचना दी जानी चाहिए। इससे पुलिस समय रहते खाताधारक से संपर्क कर सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि रकम खाते से निकल जाने के बाद जांच करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट तो घटना के बाद की महज पड़ताल होगी। हमारी चिंता इसे रोकने को लेकर है। 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर धोखाधड़ी का एक तरीका है, जिसमें ठग खुद को पुलिस या किसी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखाते हैं और उनसे पैसे ऐंठते हैं।

अगले सत्र से 10वीं...

के अनुरूप किए गए हैं। वर्तमान में 10वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों पर ये बदलाव लागू नहीं होंगे। उनके लिए पुरानी विषय योजना ही जारी रहेगी।

बोर्ड के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2027-28 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पांच विषय अनिवार्य होंगे। इनमें पहली भाषा (आर-1), दूसरी भाषा (आर-2), गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान शामिल हैं। इन पांच विषयों की बोर्ड परीक्षा सभी विद्यार्थियों को देनी होगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी एक वैकल्पिक विषय भी चुन सकेंगे।

22 विषयों में से...

इन विषयों में सूचना प्रौद्योगिकी, एआइ, डाटा साइंस, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, बैंकिंग एवं बीमा, पर्यटन, खुदरा कारोबार, सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक्स एवं हार्डवेयर और डिजाइन थिंकिंग एवं नवाचार जैसे विकल्प शामिल हैं। कौशल विकास विषय चुनने वाले विद्यार्थियों का मूल्यांकन स्कूल स्तर पर होगा। इसके लिए बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी।

छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों...

सरकार शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति संवेदनशील है। दीपावली से पहले लिया गया यह निर्णय उन्हें आर्थिक राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि से कर्मचारियों एवं पेंशनरों को राहत मिलेगी और उनके परिवारों में त्योहार का उल्लास बढ़ेगा।

सफाई के मॉडल...

तय किए गए हैं। इन मानकों पर शहरों की प्रगति की नियमित निगरानी की जाएगी, लेकिन इसके साथ ही इसके अलावा, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 28 अक्टूबर को जारी निर्देशों में रायपुर और बिलासपुर में कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने को कहा है। इसके तहत दोनों शहरों में सात दिन के भीतर प्रगति-50 दल का गठन करना होगा। इसके बाद 15 दिन में सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय और अनुपचारित जल प्रबंधन की मौजूदा स्थिति का वार्डवार आकलन किया जाएगा। 30 दिन के भीतर प्रत्येक मानक के लिए लक्ष्य, जिम्मेदार अधिकारी, समय-सीमा और वित्तीय स्रोत तय करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करनी होगी।

छह महीने में...

चरणबद्ध तरीके से बेहतर करना होगा। पहले छह महीने में स्रोत पर कचरा पृथक्करण का लक्ष्य 50 प्रतिशत रखा गया है। छह से 12 महीने की अवधि में इसे 75 प्रतिशत से अधिक और 12 से 24 महीने में 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र.-/अ-19(3)/2026-2027
ग्राम : पाकरगांव, तह.-पत्थलगांव

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पंचायत पाकरगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कार्यपालन यंत्री, (सं/सु) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट, पॉ.डि.कं. लिमि. पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक/31-48/कार्य / 1520 पत्थलगांव, दिनांक 25.08.2026 के द्वारा नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री विद्युत अधोसरंचना विकास योजना (छ.ग.) के तहत स्वीकृति अनुसार ग्राम-पाकरगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 69/1क रकबा 1.894 हे. भूमि में से रकबा 0.580 हे. भूमि आबंटन हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर (छ.ग.) को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि आबंटन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक-13.11.2026 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। **तहसीलदार पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.)**

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- बिलासपुर शहर में कार्य करने हेतु 15 से 20 सेल्स एग्जीक्यूटिव युवक/युवती एवं एक एडमिन (डिजाइनर) की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता- ग्रेजुएशन, वेतन योग्यता अनुसार रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें- 9111124555 (42210)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में बिलासपुर शहर और आऊटर में अलग अलग अनुभवी सेल्समैन चाहिए। बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज, नागरिक सहकारी बैंक के पास, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 9329124924 (42203)

आवश्यकता है- सनराइज पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से छठवीं तक हिन्दी अंग्रेजी एवं गणित की शिक्षिका की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से दोपहर 12बजे तक 9691700427 (42207)

Requirment- Manager Qualification Roles And Responsibilities- General Administration Statutory Compliances Legal Matters Salary Will be Commensurate With Qualification And Experience Intersted Candidate may send Resume Mo.- 8283848502 (42209)

आवश्यकता है!
थ्री फेज मोटर वाइंडर
2 पद
योग्यता एवं अनुभव:
• न्यूनतम 15 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य।
सुविधाएं:
• PF एवं ESIC की सुविधा उपलब्ध।
• वेतन योग्यता एवं अनुभव के अनुसार।
संपर्क करें -
किशोरी ट्रेडर्स
सेन्दरी - मोपका बाईपास, बिलासपुर
मो.- 8305812308
इच्छुक एवं अनुभवी उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (42197)

आवश्यकता है- मेन्स वियर रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार पता- स्वस्तिक मेन्स, टाइटन समय भवन के समाने अग्रसेन चौक श्रीराम क्लॉथ मार्केट बिलासपुर 8109198240 (42204)

आवश्यकता है- ऑफिस और फील्ड वर्क का काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है, अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। सैलेरी योग्यता अनुसार। उम्मीदवार नीचे दिए गए नम्बर पर अपना बायोडाटा वाट्सअप करें- 9009658885 पता- जाजोदिया टाइल्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर (42194)

आवश्यकता है- ज्वेलर्स शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी स्टाफ की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से दोपहर 2बजे तक शुभम एण्ड शुभम ज्वेलर्स सदर बाजार मारवाड़ी लाईन बिलासपुर 8982466692 (42208)

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट एवं होम किचन कार्य हेतु अनुभवी महिला/ युवती कुक चाहिए। प्राथमिकता सिन्धी महिला/ युवती, अदर कॉस्ट भी सम्पर्क करें- 9685196851, 79999 70000 स्थान गांधी चौक सिटी हॉस्पिटल के पीछे बिलासपुर (42205)

आवश्यकता है- जांजगीर चांपा, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, पेन्ड्रा, बेमेतरा बलौदा बाजार हेतु मार्केटिंग मैनेजर 7पद फिल्ड आफिसर 20पद पर आवश्यकता है योग्यता- ग्रेजुएट, वेतन 12000 से 20000 सम्पर्क- अग्रसेन चौक बिलासपुर 7611173558 (42202)

आवश्यकता है- वेलनेस एजेन्सी में कार्य करने हेतु एक बिजनेस मार्केटिंग मैनेजर (योग्यता MBA, MCA बीफार्मा) एवं बिलिंग हेतु एक अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 70671 24226 (42201)

आवश्यकता है- दिन में ड्यूटी कार्य हेतु मैनेजर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- किरण लाज गांधी चौक बिलासपुर (42195)

आवश्यकता है- होटल ओरियो में मैनेजर 1पद (लड़का/ लड़की) रिसेप्शनिस्ट 1पद (लड़का/ लड़की) हाउस कीपिंग 1पद (लड़का/ लड़की) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- दीनदयाल कॉलोनी रोड मंगला बिलासपुर 8718960345, 6263772306 (42192)

आवश्यकता है- साड़ी एवं रेडीमेड दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों एवं लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 (42198)

आवश्यकता है-जय अम्बे नेत्रालय महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 में कार्य करने हेतु नर्सिंग स्टाफ एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8349449990, 07752 405124 (42181)

आवश्यकता है-विज्ञापन एजेन्सी में एडमिन (स्त्री/ पुरुष), सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, प्यून (स्त्री/ पुरुष), फ्लेक्स माउंटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी15, ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, लिंक रोड बिलासपुर 6264550163 (42183)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कार्य हेतु असिस्टेंट एकाउंटेंट अनुभवी सेल्समैन, पैकिंग एवं लोकल में माल छोड़ने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी, तेलीपारा बिलासपुर (42186)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9425540768 (42190)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट ऑफिस में काम करने हेतु एक प्यून (चपरासी) जिसकी योग्यता कम से कम 10वीं पास और एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9893152728 (42191)

आवश्यकता है-सेल्स ऑफिसर, सेल्स मैनेजर लड़के लड़कियों की अति शीघ्र आवाश्यकता है वेतन+ बोनस, सम्पर्क करें- निशा आर्ट्स, फिल्म प्रोडक्शन आजाद चौक मंगला, बिलासपुर 89828 15055 (42182)

आवश्यकता है-सर्विस इंजीनियर (डिप्लोमा/ ITI) एवं ऑफिस कार्य करने के लिए कम्प्यूटर/ अंग्रेजी जानकार फीमेल स्टाफ की आवश्यकता है। मो. 9827939110 (42187)

आवश्यकता है- 1. सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय : प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ 7746000016, 77470 00016 (815)

आवश्यकता है-मंथली एवं लॉंग टूर में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों और ऑफिस में कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-बिलासपुर 9300672005 (41980)

आवश्यकता है- कॉल सेंटर में कार्य करने हेतु आवश्यकता है, महिलाओं एवं युवतियों की, अनुभवी को वरीयता, वेतन- 5000 से शुरू, एजुकेशन- 8वी से 10वी, 12वी पास, संपर्क करेः- 7024947544 (102)

बेचना है

बेचना है- जमीन बेचना है कोरबा- कटघोरा मार्ग पर छुरी कलां पंचायत भवन के पास शानदार फ्रंट की 15 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 7566835999 (42199)

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34×55= 1870 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 8839864986 (42200)

बेचना है- सैदा मुख्य मार्ग से लगी 13080 वर्गफुट 30डिस. फ्रंट-97 सकरी रायपुर बाईपास से 300मी. डबल रोड कमर्शियल जमीन 850/- फुट दीपावली तक रजिस्ट्री पर एक्टिवा फ्री। सम्पर्क - पलक बजाज 9098175525 (1768)

बेचना है-मिलन चौक काली मन्दिर, कुदुदण्ड स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान जमीन के रेट से बेचना है। कृपया सम्पर्क करें- 7648017211 (42188)

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 (42185)

बेचना है-यदुनन्दन नगर तिफरा में डायवर्टेड प्लाट/ जमीन और मेन रोड पर 2BHK मकान दुकान सहित बेचना है सम्पर्क करें- कृत्या कन्सल्टेंसी बिलासपुर 98263 14444 (42168)

किराया

किराया- किराये पर देना है बिलासपुर में उस्लापुर के पास सागर होम्स फेज-2, कॉलोनी में मकान नम्बर ए-94 के फर्स्ट फ्लोर पर 2BHK नौकरी- पेशा परिवार, छात्राओं को प्राथमिकता सम्पर्क- 9993283308 (42193)

Medicare Specialists

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वस्थ्य टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेनदेन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिविस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025

भव्य शुभारंभ

संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



विश्वस्तरीय, व्यापक एवं अत्याधुनिक सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा सेवाओं के एक नए अध्याय का शुभारंभ

दिनांक: शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 समय: सायं 7:00 बजे स्थान: दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर



अध्यक्षता में
माननीय डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा



मुख्य अतिथि
माननीय विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय बृजमोहन अग्रवाल
सांसद (लोक सभा, रायपुर)

विशेष अतिथि

माननीय रामविचार नेताम
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

माननीय गुरु खुशवंत साहेब
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

माननीय भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

माननीय चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छग विधानसभा

माननीय सुनील सोनी
विधायक, रायपुर

माननीय राजेश मूणत
विधायक, रायपुर

माननीय पुरंदर मिश्रा
विधायक, रायपुर

माननीय मोतीलाल साहू
विधायक, रायपुर

माननीय मोहम्मद अकबर
पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़

माननीय डॉ. सलीम राज
कैबिनेट मंत्री, दर्जा

माननीय अनुज शर्मा
विधायक, रायपुर

माननीय मीनल चौबे
महापौर, रायपुर

अत्याधुनिक चिकित्सा, उपकरण, तकनीक व सुविधाएँ

- कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग
- कार्डियोलॉजी विभाग
- व्यापक प्रयोगशाला जाँच सेवाएँ
- क्रिटिकल केयर एवं इमरजेंसी मेडिसिन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग
- जनरल मेडिसिन विभाग
- जनरल सर्जरी विभाग
- गायनेकोलॉजी विभाग
- हीमैटो एवं हीमैटो-ऑन्कोलॉजी
- मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
- नेफ्रोलॉजी विभाग
- न्यूरोलॉजी विभाग
- न्यूरोसर्जरी विभाग
- न्यूक्लियर मेडिसिन एवं PET स्कैन
- ऑर्थोपेडिक्स विभाग
- पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विभाग
- फिजियोथेरेपी एवं डायटेटिक्स
- प्लास्टिक सर्जरी विभाग
- पल्मोनोलॉजी विभाग
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
- ब्लड बैंक

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग. 7389905010, 7389904010



रोचक खबरें



92 की उम्र में पहली बार बना दादा गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

वॉशिंगटन। जिंदगी कब और कौन सा सरप्राइज दे दे, यह कोई नहीं जानता. उम्र तो बस एक नंबर हैइस बात को अमेरिका के रहने वाले 92 साल के एक बुजुर्ग ने सच साबित कर दिखाया है। नॉर्मन ट्रूसिग्नेंट ने इस उम्र में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। लेकिन खास बात यह है कि उन्हें यह रिकॉर्ड अपनी उम्र के लिए नहीं, बल्कि 92 साल की उम्र में पहली बार दादा बनने के लिए मिला है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आम तौर पर लोग 92 साल की उम्र में परपोते-परपोतियों या उनके भी बच्चों को खिलाने की उम्र में होते हैं। लेकिन 22 सितंबर 2022 का दिन नॉर्मन के परिवार के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। इस दिन उनके घर एक नन्हीं परी का जन्म हुआ, जिसका नाम मैडिसन रखा गया। जब मैडिसन का जन्म हुआ, तब नॉर्मन की उम्र ठीक 92 साल और 24 दिन थी। इस उम्र में पहली बार दादा बनने की खुशी ने इस परिवार की दुनिया ही बदल दी।

92 वें जन्मदिन पर मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का ताज

इस अनोखी घटना के बाद नॉर्मन के परिवार ने इसके बारे में रिसर्च की और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से संपर्क किया. आखिरकार जब अगस्त 2026 में नॉर्मन अपना 96वां जन्मदिन मना रहे थे, तब उन्हें आधिकारिक तौर पर 'दुनिया के सबसे उम्रदराज पहले बार बने दादा'के खिताब से नवाजा गया।

किस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा?

नॉर्मन ट्रूसिग्नेंट से पहले यह अनोखा रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स स्मिथ के नाम दर्ज था। नॉर्मन ने उनसे लगभग छह महीने के अंतर से इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और नया इतिहास रच दिया।

ग्रामीण भारत में समग्र स्वास्थ्य सेवा का मॉडल बना अपोलो का टोटल हेल्थ मिशन

हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिकता हो : डॉ. प्रताप सी. रेड्डी

कोमल सिंह, अरगोंडा (आंध्र प्रदेश)

ग्रामीण भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता आज भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है, ऐसे में आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले का अरगोंडा गांव एक ऐसी स्वास्थ्य पहल का उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसमें इलाज के साथ-साथ शिक्षा, पोषण, स्वच्छ पेयजल और आजीविका को भी विकास का हिस्सा बनाया गया है। अपोलो हॉस्पिटल्स की 'टोटल हेल्थ' पहल इसी पर आधारित है। हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके, इसे ही प्राथमिकता में रख, अपोलो हास्पिटल लगातार आगे बढ़ रहा है, यह बात अपोलो चेयरमेन डॉ प्रताप सी, रेड्डी ने कही।

अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड और अपोलो फाउंडेशन ने अरगोंडा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए अरगोंडा स्थित अपोलो अस्पताल में 1,000 घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी। खास बात यह है कि इन सर्जरी में संक्रमण की कोई घटना सामने नहीं आई



और सभी मरीज स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र में जटिल चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. प्रताप सी. रेड्डी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के पूर्व कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि अपोलो ने चित्तूर के जिला अस्पताल के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली थी, जो अब 800 बिस्तरों का अस्पताल बन चुका है। अरगोंडा स्थित स्वास्थ्य सुविधाएं केवल अस्पतालों की स्थापना पर्याप्त नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जागरूकता, रोकथाम, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक अवसरों को जोड़ना भी जरूरी है। 'टोटल हेल्थ' पहल इसी व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास कर रही है।

समुदाय के विकास पर जोर

वर्ष 2013 में शुरू की गई 'टोटल हेल्थ' पहल का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि समुदाय के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, निवारक चिकित्सा, शिक्षा, पोषण, सुरक्षित पेयजल, कौशल विकास और आजीविका के अवसरों को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया है। अपोलो हॉस्पिटल्स की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी ने कहा कि संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक ऐसा स्वास्थ्य तंत्र विकसित किया है, जिसे दूसरे क्षेत्रों में भी लागू और विस्तारित किया जा सकता है। इस मॉडल में प्राथमिक उपचार से लेकर उन्नत चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच बनाने पर जोर दिया गया है। अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड की कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रीथा रेड्डी ने ग्रामीण और शहरी भारत के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, वाइस चेयरपर्सन (सीएसआर) व डायरेक्टर(प्रोजेक्ट्स) उपासना कामिनेनी कोनिडेला ने कहा कि अरगोंडा मॉडल से पता चलता है कि समुदाय की भागीदारी पर आधारित एकीकृत स्वास्थ्य मॉडल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं। उन्होंने इसे अन्य राज्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में लागू करने योग्य मॉडल बताया।

दो दशक से बढ़ी सेवाएं, 8 साल में 1 हजार नी रिप्लेसमेंट

साल 2000 में स्थापित अरगोंडा अस्पताल अब तक 1.67 लाख से अधिक मरीजों को सेवाएं दे चुका है और 12,000 से अधिक सर्जरी कर चुका है। अस्पताल में घुटना प्रत्यारोपण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2019 में 100 और वर्ष 2022 में 500 प्रक्रियाएं पूरी की गई थीं। लेकिन 8 सालों में यह संख्या बढ़कर 1,000 के पार हो चुकी है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2013 में शुरू की गई 'टोटल हेल्थ' पहल ने ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्रामीण और शहरी भारत के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की खाई को कम करने की आवश्यकता है। संस्था के अनुसार, इस मॉडल से अब तक 48.3 करोड़ से अधिक लोगों तक प्रभाव पहुंचा है। इस कार्यक्रम में डॉ. मदन मोहन रेड्डी, डॉ. विजय किशोर कोंडरेड्डी और डॉ. कुनाल पटेल के नेतृत्व वाली चिकित्सा टीम के योगदान का उल्लेख किया गया। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड मेडिसिन में कार्डियोलॉजी विभाग के क्लिनिकल एसोसिएट प्रोफेसर जयपाल (अनिल) रेड्डी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

29 वर्षीय तेलंगाना के युवक ने जीते 240 करोड़ रुपए

अबू धाबी। अबू धाबी में रहने वाले एक भारतीय युवक की रातोंरात किस्मत बदल गई। युवक ने लॉटरी में 240 करोड़ रुपए जीत लिए, जिसके बाद उसने भारत और यूएई में प्रॉपर्टी खरीदी है अपने और अपने भाई के लिए गाड़ियां ली हैं, अपनी मां के लिए सोने के गहने खरीदे हैं और अपने पिता के लिए खेती की जमीन ली है। इस दौरान भारतीय युवक ने बाली से एम्स्टर्डम तक घूम लिया, लेकिन आज वो एक ऐसी बात कह रहे हैं जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। 29 वर्षीय अनील कुमार बोल्ला अबू धाबी में आईटी सेक्टर में नौकरी करते हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर 2025 में लॉटरी में किस्तम आजमाई और अपनी मां का बर्थडे का नंबर 11 चुना। पर शायद ही उन्हें इस बात का अंदाजा रहा होगा कि यही नंबर उनकी किस्मत बदल देगा और अनिल ने यूएई लॉटरी में 100 मिलियन दिरहम का जैकपॉट जीत लिया। मतलब 240 करोड़ रुपए उन्हें लॉटरी में मिल गए। अनिल बोल्ला ने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ा इनाम यह है कि उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने के लिए ज्यादा समय और आज़ादी मिल गई है। सबसे अहम बात यह है कि मैं अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिता पा रहा हूं।



परिवार अभी पुराने घर में ही रहता

बोल्ला का परिवार आज भी तेलंगाना में आज भी उसी घर में रहता है, जिसे वे अपने पिता का 'सपनों का घर' बताते हैं। उन्होंने अपने पिता को खेती की जमीन भी दी, ताकि वे ऑर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) में अपनी रुचि को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने एक 'आईफोन 17 एयर' और चार-पांच महंगी घड़ियां खरीदी हैं। अनिल ने कहा कि मेरी खुशी हमेशा मेरे परिवार से जुड़ी है। मैंने उनके लिए जो कुछ भी किया है, वह मेरे लिए बहुत खास है। खुद के लिए कुछ करने की तुलना में, उनके लिए किए गए कामों से मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है।

कई देशों में घूम चुके हैं अनिल

लॉटरी में मिली रकम से अनिल ने यूएई और भारत में प्रॉपर्टी खरीदी है। वह यूएई में रहना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने कुछ अन्य बिजनेस और मौकों की तलाश भी शुरू कर दी है। साथ ही भारत के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत बनाए रखना चाहते हैं। लॉटरी जीतने के बाद से पिछले 12 महीनों में अनिल देशों में घूमने जा चुके हैं। उन्होंने बाली, थाईलैंड और एम्स्टर्डम जैसी जगहों की ट्रिप की है। उन्होंने कहा कि पता नहीं क्यों, अब वह उत्साह कम हो गया है।

35 लाख का चैंपियन भैंसा हुआ चोरी ढूंढने वाले को मिलेगा 1 लाख का इनाम

चंडीगढ़। पंजाब के कपूरथला जिले से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जिले काला संघिया में बीते कई दिनों से रात के समय लोगों की भैंस चोरी होने का सिलसिला जारी है। अब विगत रात एक खूह से भैंसा चोरी हो गया। मालिक कमलजीत सिंह को सुबह जानकारी मिली कि उनका भैंसा चोरी हो गया है, तो उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला है और अपने राजा को ढूंढने वाले को एक लाख का इनाम देने की घोषणा की है। इसके कारण पोस्ट वायरल हो गई है। काला संघिया में खूह पर रखे पशुओं में से राजा नाम के झोटे (भैंसा) को चोरों ने चोरी कर लिया। भैंसे के मालिक का कहना है कि वह पंजाब के गांवों में होने वाली हल्ट दौड़ में काफी मशहूर था।



डेढ वर्ष की उम्र से ही हाल्ट दौड़ में हिस्सा ले रहा था राजा

भैंसे के मालिक ने बताया कि डेढ़ वर्ष की उम्र से ही उसे हाल्ट दौड़ प्रतियोगिता में शामिल किया था। वह प्रतियोगिता में शामिल होता था तो उसके कद काठ को देखकर लोग चौंका जाते थे। अब वह 19 साल का हो गया था। उसने पंजाब के कई गांवों में हाल्ट दौड़ में अपना बेहतरनी प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। खाने में उसे देसी घी व दूध दिया जाता था। उसकी कीमत 35 लाख रुपए आंकी जा चुकी है।

खाट पर 2 किमी पैदल ले गए परिजन अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज, जनकपुर

सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी ने एक बार फिर ग्रामीणों की मुश्किलें उजागर कर दी हैं। मनेंद्रगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत पाराडोल के आश्रित ग्राम बोड़ेबहरा में बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए परिजनों को खाट का सहारा लेना पड़ा। वे महिला को खाट पर लिटाकर करीब दो किलोमीटर तक दुर्गम रास्तों से पैदल चले और किसी तरह मुख्य सड़क तक पहुंचे। वहां से निजी वाहन के जरिए महिला को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।



बोड़ेबहरा में सड़क के अभाव ने बढ़ाई मुश्किलें, बीमार महिला को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने के लिए करना पड़ा संघर्ष

जानकारी के अनुसार, बोड़ेबहरा में सड़क सुविधा नहीं होने के कारण महिला को समय पर उपचार के लिए ले जाना परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन गया। महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन गांव तक सुगम सड़क मार्ग नहीं होने से वाहन पहुंचना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने महिला को खाट पर लिटाया और उसे लेकर मुख्य सड़क की ओर निकल पड़े।

परिजन पगडंडियों और दुर्गम रास्तों से होते हुए करीब दो किलोमीटर तक पैदल चले। काफी मशक्कत के बाद वे मुख्य सड़क तक पहुंचे, जहां से निजी वाहन की मदद से महिला को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया। हालांकि, उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया।

खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां और

3000 फीट गहरी खाई में बसा है ये गांव, सिर्फ 208 लोग रहते हैं यहां

न्यूयार्क। दुनिया में जब भी किसी गांव का जिक्र होता है, तो आंखों के सामने खेत-खलिहान, कच्चे रास्ते और सुकून भरी जिंदगी की तस्वीर आने लगती है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां पहुंचने के लिए आपको ऊंची पहाड़ियों और गहरी खाइयों के बीच से गुजरना पड़े? जहां न गाड़ियों का शोर सुनाई देता है और न ही सड़कों पर ट्रैफिक नजर आता है। हैरानी की बात यह है कि यह गांव किसी दूरदराज के गरीब देश में नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों में शामिल अमेरिका में है। यहां लोग जमीन की सतह से करीब 3000 फीट नीचे रहते हैं और आज भी चिट्ठियां पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है।

अमेरिका के एरिजोना राज्य में मौजूद ग्रैंड कैनियन दुनिया के सबसे मशहूर प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में से एक है। इसकी विशाल चट्टानों और अनोखे नजारों को देखने के लिए हर साल लाखों लोग यहां पहुंचते हैं। इसी इलाके में हवासू कैनियन के





पास सुपाई नाम का एक ऐतिहासिक गांव बसा है। यह ग्रैंड कैनियन के भीतर करीब 3000 फीट की गहराई में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 208 लोगों की बताई जाती है। सुपाई की सबसे खास बात यह है कि यह आधुनिक शहरों की तरह सड़कों के जाल से नहीं जुड़ा है। गांव तक पहुंचने का रास्ता इतना कठिन है कि यहां जाने के लिए हेलिकॉप्टर, खच्चर या पैदल यात्रा का सहारा लेना पड़ता है। गांव की सबसे नजदीकी सड़क भी करीब आठ मील (12.87 किलोमीटर) दूर है।

आज भी खच्चरों के जरिए पहुंचती हैं चिट्ठियां

आज के दौर में जब कुछ ही सेकंड में मोबाइल पर मैसेज पहुंच जाता है, तब सुपाई गांव की डाक व्यवस्था किसी पुराने जमाने की याद दिलाती है। यहां चिट्ठियों और सामान को लाने-ले जाने के लिए खच्चरों का इस्तेमाल किया जाता है। डाक और दूसरी जरूरी चीजें खच्चरों पर लादकर गांव तक पहुंचाई जाती हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सामान्य डाक गाड़ियों के लिए गांव तक पहुंचना आसान नहीं है। यही वजह है कि खच्चर यहां के लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

नीले-हरे पानी के झरने बनाते हैं इसे जन्नत जैसा

सुपाई गांव सिर्फ अपनी अनोखी डाक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। ऊंची चट्टानों से घिरे इस इलाके में कई खूबसूरत झरने हैं। यहां के पानी का रंग फिरोजी या नीला-हरा दिखाई देता है, जो इस जगह को बेहद खास बनाता है। इस इलाके में बारिश काफी कम होती है। इसके बावजूद यहां के झरनों और पानी के स्रोतों में बहता पानी लोगों को हैरान कर देता है। पानी के इस खास रंग के पीछे चट्टानों और जमीन में मौजूद मिनरल्स की भूमिका होती है। कैल्शियम कार्बोनेट जैसे पदार्थ और पानी में मौजूद मिनरल्स के कारण प्रकाश का रिफ्लेक्शन अलग तरीके से होता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com